दैनिक प्रकाशन के
41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी..
बात कहे ख़री

बिजनौर : शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026
अंक- 06 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 24

Mangalam Autoworld
TATA.CARS

मंगलम ऑटोवर्ल्ड की ओर से बिजनौर वासियों
को दीपावली
एवं चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं

आपका विश्वास, हमारी पहचान।

MANGALAM AUTOWORLD | BIJNOR | 70555 78657, 70555 01364

कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिजनौर

की ओर से

समस्त जनपदवासियों को प.उ.प्र. के
सर्वाधिक पढ़े जाने वाले एवं जनपद के
प्रथम सांध्य दैनिक **चिंगारी** की
41 वीं वर्षगांठ, दीपावली
एवं भैयादूज की
हार्दिक शुभकामनाएं/बधाई

राजीव कुमार
संस्थापक निदेशक

मनोज कुमार
चेयरमैन

पवन कुमार
डायरेक्टर

दैनिक प्रकाशन के
41 साल सफ़र बेमिसाल
चिंगारी
संस्थापक: बाबू सिंह चौहान
भली लगे या बुरी..
बात कहे ख़री
बिजनौर : शुक्रवार
30 अक्टूबर , 2026

चांदी बार, चांदी के सिक्के, बर्तन, मूर्तियां आदि की नई-नई आधुनिक वैरायटियां

MMTC के सोने व चांदी के सिक्के भी मिलते हैं

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र सांध्य दैनिक चिंगारी की
41वीं गौरवशाली वर्षगांठ के अवसर पर संपादक मंडल एवं समस्त संवाददाताओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
तथा जनपद वासियों को बाजवा परिवार की ओर से रोशनी के पर्व
दीपावली, भैया दूज एवं
गंगा स्नान की हार्दिक
शुभकामनाएं।

कुलदीप सिंह बाजवा
बाजवा फॉर्म बांसोवाला
बढ़ापुर जनपद बिजनौर

S.S. BAJWA MODERN ACADEMY
BASOWALA, BARHAPUR, DISTRICT - BIJNOR
(UTTAR PRADESH) PIN - 246724
Sr. sec. School School Affiliation no -2131809
(Co -education) Affiliated to CBSE Board. New Delhi

सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Mr. Surjeet Singh Bajwa
Manager

Mandeep Singh Bajwa
Advocate

चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 30 अक्टूबर, 2026

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

भूटान में ग्लेशियर झील फटी, हाईवे-सड़कें उखड़ीं

पानी भारत पहुंचने का ख़तरा, बंगाल-असम में बाढ़ का अलर्ट

थिम्पू/कोलकाता (एजेंसी/चिंगारी)। भूटान में गुरुवार देर रात शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से भारी तबाही हुई। पानी के तेज बहाव में यहां का मशहूर गर्म पानी का कुंड 'गासा त्साचु' पूरी तरह बह गया। पुनाखा-गासा हाईवे का एक हिस्सा भी टूट गया, जिससे वहां ट्रैफिक बंद करना पड़ा। हालांकि, अब तक किसी की मौत की खबर नहीं है।

झील से निकले पानी के कारण संकोश नदी का जलस्तर बढ़ गया है। यह नदी भूटान से निकलकर असम और पश्चिम बंगाल की सीमा वाले इलाकों से गुजरती है और आगे ब्रह्मपुत्र में मिल जाती है। इसे देखते हुए दोनों राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है।

पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में प्रशासन ने 10 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में पहुंचाया है। रातभर सायरन बजाकर लोगों को सतर्क किया गया और जल्द से जल्द घर छोड़ने को कहा गया। एनडीआरएफ, एसडीआरफ। और आपदा प्रबंधन की टीमें भी तैनात की गई हैं। गुरुवार को शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से पानी बहने लगा। गुरुवार को शिंताफू ग्लेशियर झील फटने से पानी बहने लगा।

शिंताफू झील के पानी के भारत तक पहुंचने की आशंका

भूटान की शिंताफू ग्लेशियर झील फटने पर उसमें जमा पानी नदियों के रास्ते भारत पहुंच सकता है। सबसे पहले यह पानी भूटान की मो छू नदी में आएगा। आगे मो छू और फो छू नदियां मिलकर पुनात्सांगछू नदी बनाती हैं।

यह नदी दक्षिण की ओर बहते हुए भारत में प्रवेश करती है। भारत में इसे संकोश नदी कहा जाता है। इसके पानी से पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी के साथ असम के कोकराझार और धुबरी जिलों के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा हो सकता है। आगे चलकर संकोश नदी असम में ब्रह्मपुत्र नदी में मिल जाती है। इस तरह भूटान की झील का पानी नदियों के रास्ते भारत के मैदानी इलाकों तक पहुंच सकता है।

मोदी की सभा में कुर्सी की जगह चारपाई बिछाई गई

बनासकांठा (एजेंसी/चिंगारी)। मोदी ने आज को गुजरात के बनासकांठा से किसान सम्मान निधि की 24वीं किस्त जारी की। साथ ही 14 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने दो नई ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई।

मोदी की सभा में किसानों को बैठने के लिए कुर्सी की जगह चारपाई बिछाई गई। मोदी ने कहा- देश के लोगों के लिए अजूबा होगा कि इस सभा में सारे लोग चारपाई पर बैठे हैं। हमारे गांव की महान परंपरा को बनासकांठा के लोगों ने जीवित कर दिया। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड वालों को बोला होता तो इसे रिकॉर्ड में दर्ज कर लेते। उन्होंने कहा- पीएम किसान सम्मान निधि के 4.50 लाख करोड़ छोटे किसानों के खातों में पहुंचे। आजादी के बाद कभी इन छोटे किसानों की जरूरतों को नहीं समझा गया। कभी उन्हें पूछा नहीं गया। जबकि देश में छोटे किसानों की संख्या 85 प्रतिशत से ज्यादा है। ऐसे छोटे किसानों की हमारी सरकार ने चिंता की उन्हें पीएम किसान सम्मान से मदद की। बीते कुछ सालों में वैश्विक अनिश्चितता के बीच खाद की कीमतों में उछाल आया। हमारी सरकार ने इसका बोझ किसानों पर नहीं पड़ने दिया। सरकार ने 16 लाख करोड़ खर्च किए, ताकि आपको सस्ती खाद मिले। पहले की सरकारों ने एमएसपी पर किसानों को धोखा दिया। हमने गेहूं और धान एमएसपी पर खरीद की। इससे किसानों के खातों में 24 लाख करोड़ गए। पिछले 10-12 साल में किसानों को फसल बीमा योजना से मुआवजे में 2 लाख करोड़ रुपए मिल चुके हैं।

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD

Kajaria Exculsive Showroom

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT
WATERPROOFING EXPERT

TILE O GRIP
BONDING CHEMISTRY

ORIZONE
Nanotechnology Based
SEELAN BLOCK
सीलन ब्लॉक

8445517265
8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

HONDA

शुभ नवरात्री शुभ दीपावली

त्योहारों की खुशियाँ मनाएं

चौधरी होंडा के साथ

आज ही अपनी पसंदीदा बाइक/स्कूटर
बुक करें या खरीदें और पाएं

Shine 100DX

₹10445* ₹65445*

₹2100/- का SAMSUNG MOBILE बिल्कुल FREE

ACTIVA 110

डाउन पेमेंट ₹5100*
एक्सचेंज बोनस ₹2000*
कैशबैक ₹10000*
कम किश्त ₹2499*

चौधरी होण्डा

स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

गैस सिलेंडर लीक होने से करवा चौथ के दीये ने आग पकड़ी, एक लाख की नकदी व सामान जला

बढ़ापुर (चिंगारी)। नगर के एक मुहल्ले में खाना बनाने के लिए चूल्हे पर सिलेंडर लगाते समय गैस लीक होने से करवा चौथ पूजन के लिए पास में रखे दीये ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घर में मौजूद दो परिवारों में चीख पुकार मच गई। जान बचाने के लिए घर में मौजूद एक दर्जन लोग घर से बाहर भाग गए। कुछ देर बाद ही सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। घटना से घर में रखी एक लाख की नकदी तथा घर का सारा सामान जलकर स्वाहा हो गया। गनीमत यह रही कि सिलेंडर फटने से पूर्व ही परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर भाग गए थे।

बताया जाता है मोहल्ला नौमी निवासी भारत सिंह कश्यप पुत्र रामपाल सिंह ने गुरुवार की सवेरे सिलेंडर खरीदा था। सायं 7 बजे भारत सिंह खाना बनाने के लिए चूल्हे पर सिलेंडर लग रहा था तभी गैस लीक होने से करवा चौथ पूजन के लिए पास में रखे दीपक ने आग पकड़ ली। भारत सिंह और घर में मौजूद उसके भाई हरि सिंह ने आग बुझाने का प्रयास किया, किन्तु देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान घर में मौजूद भारत सिंह और उसके भाई हरि सिंह की पत्नियां बबली व मंजू करवा चौथ की तैयारी में लगी हुई थी। दोनों भाइयों के परिवार में 8 बच्चे घर के भीतर मौजूद थे। आग के विकराल रूप धारण करते ही परिवार के सदस्यों में चीख-पुकार मच गई और सभी जान बचाने के लिए घर से बाहर भाग गए। इस दौरान करीब आधे घंटे तक सिलेंडर से घर में आग जलती रही। तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। मोहल्ले वाले बताते हैं कि जिस समय सिलेंडर फटा तब 200 मीटर दूर तक लोगों के दरवाजे और खिड़कियां हिल गई। सिलेंडर में ब्लास्ट होने के बाद तुरंत ही नगर पंचायत से पानी का टैंकर मंगाया गया। जिसकी सहायता से लोगों ने आग पर काबू पाया। सूचना मिलते ही बढ़ापुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी तथा घटना के एक घंटे बाद नगीना से अग्निशमन विभाग की टीम भी मौके भी पहुंच गई थी परंतु तब तक आग पर काबू पा लिया गया था। इस अग्निकांड के संबंध में पीड़ित भारत सिंह ने बताया कि उसके घर में रखे एक लाख रुपये, पासपोर्ट, घर में रखी खाद्य सामग्री, कपड़े तथा बच्चों की कॉपी-किताबों सहित सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना से पीड़ित परिवार की करवा चौथ की खुशियां दुख में बदल गई।

गिन्नी सिंह को सीबीएसई नेशनल भाला फेंक प्रतियोगिता में मिला स्वर्ण पदक

बिजनौर (चिंगारी)। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर की छात्रा गिन्नी सिंह ने सीबीएसई नेशनल भाला फेंक प्रतियोगिता में 40.63 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया। सीबीएसई राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 का आयोजन पंजाब के पटियाला स्थित सुशीला देवी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया। इस प्रतियोगिता में मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर की प्रतिभाशाली छात्रा गिन्नी सिंह ने भाला फेंक स्पर्धा में 40.63 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने प्रतियोगिता में सर्वाधिक दूरी हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। गिन्नी सिंह की इस शानदार एवं ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में आयोजित प्रात:कालीन असेम्बली में उनका ढोल-नगाड़ों के साथ व माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में गिन्नी सिंह को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने गिन्नी सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार नई ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस बैरिक का निरीक्षण किया, गंदगी देख भड़के सीओ साहब

स्योहारा (चिंगारी)। पीडब्ल्यूडी द्वारा थाने मे बने पुलिस बैरिक व विवेचना कक्ष का पुलिस क्षेत्राधिकारी ने निरिक्षण किया और कमियों को पुरा करने के निर्देश दिए ।

पीडब्ल्यूडी द्वारा पुलिस के लिए 40 पुलिसकर्मियों के रहने के लिए 8 बैरिक तथा 4 विवेचना कक्ष बनाए गये थे । पुलिस को सौपने से पहले पीडब्ल्यूडी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी डाक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बैरिक का निरिक्षण किया। गंदगी को देख सीओ साहब गुस्सा हो गये और साफ सफाई के निर्देश देते हुए बैरिक मे कमियों को दूर कराने के लिए सम्बंधित विभाग को निर्देश दिए। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि कुछ कमिया बैरिक मे मिली है उन्हे सही कराकर पीडब्ल्यूडी विभाग से हस्तांतरित किया जाएगा।

इंटर कालेज में हुआ मिशन शक्ति कार्यक्रम

कोतवाली देहात (चिंगारी)। राजकीय इंटर कॉलेज बेगमपुर शादी में मिशन शक्ति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें कोतवाली थाने से महिला शक्ति मिशन प्रभारी प्रीति पंवार और उनके सहयोगी ने महिला शक्ति के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी की महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष रजनी कलरा, लीना सिंघल पूर्व नगर पालिकाअध्यक्ष धामपुर ने विचार रखें। रजनी कलरा ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती लीना सिंघल ने छात्राओं को अपने अनुभव और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। प्रीति पवार ने छात्राओं को हेल्प डेस्क मुख्यमंत्री पोर्टल, नारी शक्ति 1060 और 1090और अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

नगीना रोड रेलवे क्रॉसिंग पर बनेगा ओवर ब्रिज, स्कूलों के बाहर पार्किंग पर लगेगी रोक

डीएम ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुचारु बनाने के लिए जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने नगीना रोड रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने, स्कूलों के बाहर अनियंत्रित पार्किंग रोकने और दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को कहा।

डीएम ने नगीना रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी निर्माण के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज बनने से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। साथ ही रेलवे क्रॉसिंग के दोनों ओर डिवाइडर और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा, ताकि दुर्घटनाओं की आशंका कम हो सके।

जिलाधिकारी ने सेंट मैरीज, डीडीपीएस, मॉडर्न एरा सहित अन्य विद्यालयों के बाहर वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित प्रबंध समितियों और अधिकारियों से कहा कि स्कूलों के आसपास यातायात बाधित नहीं होना चाहिए। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। डीएम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को चिह्नित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर संकेतकए रम्बल स्ट्रिप, डायवर्जन सहित अन्य जरूरी सुधार कार्य प्राथमिकता से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्य शुरू होने से पहले और पूरा होने के बाद की तस्वीरें सुरक्षित रखी जाएं, ताकि अगली बैठक में कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा की जा सके। बैठक में मेरठ-पौड़ी मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की समस्या भी उठाई गई। यातायात निरीक्षक ने बताया कि फ्लाईओवर पर नगीना की ओर जाने के लिए कट की व्यवस्था नहीं है और सर्विस अप्रोच रोड का निर्माण भी उचित ढंग से नहीं किया गया है। इस पर डीएम ने एनएचएआई अधिकारियों को नगीना की ओर जाने के लिए कट की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सर्विस अप्रोच रोड को मानकों के अनुरूप तैयार कराने के निर्देश दिए।

हाईवे पर ई-रिक्शा संचालन पर सख्ती

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि हाईवे पर ई-रिक्शा का संचालन अनुमन्य नहीं है। उन्होंने पुलिस और परिवहन विभाग को नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले ई-रिक्शा में सुरक्षा के दृष्टिगत जाली लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। पुलिस और परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई का विवरण अलग-अलग प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए, ताकि दोनों विभागों के कार्यों की स्पष्ट समीक्षा हो सके।

घायलों की मदद करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

डीएम ने सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने में मदद करने वाले नेक व्यक्तियों (गुड सेमेरिटन) को सम्मानित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करने से दुर्घटना के समय घायलों की सहायता करने के लिए आमजन आगे आएंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को सड़क सुरक्षा से जुड़े निर्देशों का गंभीरता से पालन करने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आपसी समन्वय के साथ निरंतर प्रयास करने को कहा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई के अधिकारी तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ओम कुमार ने किया आमजन से संवाद

क्षेत्र के क्षित्र के विकास की प्रतिबद्धता दोहराई

नहटौर (चिंगारी)। नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार के कैंप कार्यालय ओम सेवा सदन पर विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों से पहुंचे दलित समाज सहित अनेक लोगों ने ने उनसे मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक ओम कुमार ने सभी से आत्मीय भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों पर संवाद किया।

विधायक ओम कुमार ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों का उल्लेख करते हुए समाज के सभी वर्गों से शिक्षित, जागरूक और संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा और जनहित के कार्यों में सभी की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में साहनपुर नवादा से सतीश डीलर, ग्राम प्रधान सूर्यकांत शर्मा, रुखड़ियो से रामकेश एवं परम प्रधान, मूसेपुर पाली से अरुण चौधरी, नवादा चौहान से आदेश कुमार, चक गोवर्धन से दीपक कुमार, कूकड़ा से सागर प्रधान, खेड़की टप्पा से संजीव प्रधान, कपिल प्रधान, लजीफपुर चतर से संबंधित गणमान्य जन तथा ग्राम बिसाट से नरेश प्रधान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

नगीना पहुंचे राज्य कर विभाग के अधिकारी व्यापारियों को दी ब्याज माफ़ी योजना की जानकारी

नगीना (चिंगारी)। राज्य कर विभाग की ओर से जीएसटी ब्याज माफी योजना-2026 को लेकर व्यापारियों के साथ संवाद गोष्ठी आयोजित की गई। बृहस्पतिवार की दोपहर रायपुर बस स्टैंड के पास जीएसटी अधिवक्ता आदिल इख्तेखार के कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को योजना के प्रावधानों की जानकारी दी।

जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर अभिनव सोनी और राज्य कर अधिकारी राजेश जोशी और अरुण कुमार ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 तक पारित आदेशों से सृजित मांगों और बकायों के मामलों में मूल बकाया जमा करने पर निर्धारित शर्तों के अनुसार ब्याज में छूट का लाभ मिल सकता है। उन्होंने बताया कि बकाया राशि के आधार पर ब्याज माफी की अलग-अलग दरें निर्धारित हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 लाख रुपये तक के बकाये पर ब्याज में 100 प्रतिशत, 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक 90 प्रतिशत, एक करोड़ से पांच करोड़ रुपये तक 75 प्रतिशत और पांच करोड़ रुपये से अधिक के बकाये पर 50 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान बताया गया। अधिकारियों ने व्यापारियों से योजना की शर्तों को समझकर इसका लाभ उठाने की अपील की। गोष्ठी में व्यापारी नेता प्रदीप गर्ग, सरफराज अंसारी, जीएसटी विशेषज्ञ तौसीफ आलम, मोहित गोयल, राजन अग्रवाल, शरद अग्रवाल, जमील अहमद, हाजी इसरार कुरैशी, नईम अहमद मंसूरी, ओमपाल सैनी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

नरगदी नवादा में एक और गुलदार पिंजरे में कैद

नहटौर (चिंगारी)। ग्राम नरगदी नवादा में वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है। एक ही स्थान और एक ही पिंजरे से 24 घंटे के अंदर दूसरा गुलदार पकड़ा गया। ग्राम नरगदी

खोशुपुरा में किसान नरेश सिंह के खेत में गुरुवार को वन विभाग ने पिंजरा लगाया था, जिसमें पहला गुलदार कैद हुआ था। इसके बाद वन अधिकारियों ने पिंजरा उसी स्थान पर दोबारा लगा दिया, जिसमें शुक्रवार को दूसरा गुलदार फंस गया। ग्रामीणों का दावा है कि क्षेत्र में तीन गुलदार एक साथ देखे गए थे, इसलिए अभी भी दहशत बनी हुई है। वन दरोगा राकेश कुमार, राणा प्रताप सिंह और छतरपाल की टीम ने गुलदार को रेस्क्यू कर धामपुर रेंज कार्यालय भेज दिया। वन अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण के बाद गुलदार को जंगल में छोड़ा जाएगा और अन्य गुलदारों को पकड़ने के लिए पिंजरा दोबारा लगाया गया है।

गंगा में सीधे नहीं गिरना चाहिए नालों का गंदा पानी

डीएम ने दिए सख्त निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं मानव-वन्य जीव संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त रखने, नालों के दूषित पानी के निस्तारण, गंगा किनारे स्थित गांवों में साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण और मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति से निपटने के उपायों की समीक्षा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े कार्यों में लापरवाही न बरती जाए।

जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी तथा जल निगम (शहरी) के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि गंगा नदी में गिरने वाले अनटैप्ड नालों के लिए तत्काल अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थिति में नालों का दूषित पानी सीधे गंगा नदी में नहीं गिरना चाहिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि नालों के पानी का समुचित शोधन हो सके। बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल 91 नाले हैं, जिनमें से 20 टैप्ड हैं, जबकि 71 नाले अभी भी अनटैप्ड हैं।जल निगम (शहरी) की ओर से चार एसटीपी का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि पांचवें एसटीपी को भी स्वीकृति मिल चुकी है।

वर्ष 2026 में अब तक 64 गुलदारों का रेस्क्यू

मानव-वन्य जीव संघर्ष की समीक्षा के दौरान जिला वन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक जनपद में 64 गुलदारों का रेस्क्यू किया जा चुका है। गुलदारों को पकड़ने के लिए जनपद में कुल 124 पिंजरे उपलब्ध हैं। इनमें 52 पिंजरे वन विभाग तथा 72 पिंजरे राजस्व एवं अन्य विभागों के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुलदार से संबंधित शिकायत मिलने पर स्थिति और आवश्यकता के अनुसार संबंधित स्थान पर पिंजरे लगाए जाते हैं। इस व्यवस्था के सकारात्मक परिणाम भी सामने आये हैं। जिलाधिकारी ने मानव-वन्य जीव संघर्ष की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।
गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

तालाब के ऊपर चाइनीज मांझे का जाल बनाने का विरोध करना युवक को महंगा पड़ा

पैजनिया (चिंगारी)। स्थानीय चौराहे पर स्थित तालाब के ऊपर चाइनीज मांझे का जाल बनाने का विरोध करना गांव के एक युवक को उस समय भारी पड़ गया जब तालाब के किनारे और उसके बाद पुलिस चौकी में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में फरियादी युवक के साथ मारपीट की गई। इतना ही नहीं पीड़ित युवक की तहरीर भी नहीं ली गई।

चौराहे पर स्थित इस तालाब को तहसील प्रशासन द्वारा कई वर्षों से गांव निवासी मुन्नू सिंह को मछली पालन के लिए अलाट किया गया है। जिसमें मुन्नू सिंह व उसके परिवार के लोग बृहस्पतिवार को शाम करीब 5 बजे चाइनीज मांझे का जाल बनवा रहे थे। ताकि पक्षियों द्वारा मछली का शिकार न किया जा सके। गांव के अतुल त्यागी ने इस जाल का यह कहते हुए विरोध किया कि इस प्रतिबंधित चाइनीस मांझे के जाल में फंसकर पक्षियों की जान जा सकती है। इस बात को लेकर अतुल त्यागी व मुन्नू पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। अतुल त्यागी ने आरोप लगाया कि तालाब के किनारे और उसके बाद पुलिस चौकी में पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में मुन्नू पक्ष के लोगों ने मारपीट की है। अतुल त्यागी का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उसकी तहरीर नही ली। और उसको टरका दिया। वंही मुन्नू सिंह ने बताया कि पक्षी तालाब से मछलियों का शिकार कर उन्हें नुकसान पंहुचा रहे हैं, जिसकी रोकथाम के लिए एक धागे से उनके द्वारा यह जाल बनवाया जा रहा है।

पुलिस चौकी पर मांझे का विरोध करते ग्रामीण।

क्या कहतें हैं जिम्मेदार?

इस संबंध में उप जिलाधिकारी चांदपुर ने बताया कि तालाब के ऊपर इस तरह का जाल लगाना अनुचित है, जिसकी जांच कराकर संबधित के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वहीं कार्यवाहक थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है, परंतु अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

बाइक कैंटर से टकराई, एक व्यक्ति ने जान गंवाई

शेरकोट (चिंगारी)। नेशनल हाईवे पर खड़े आयशर कैंटर (ट्रक) में पीछे से टकराकर घायल हुए बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम जवाई कादिम थाना पटवारी जिला रामपुर निवासी 60 वर्षीय गुरचरण सिंह बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक पर सवार होकर धामपुर की ओर से अपने घर वापस लौट रहे थे। शेरकोट खो बराज पुल के पास पहुंचने पर बाइक सड़क किनारे खड़े कंटर में पीछे से जाकर घुस गई। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल बाइक सवार को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी धामपुर पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना रामप्रताप सिंह ने बताया कि घटना खड़े कंटर में पीछे से बाइक घुसने से हुई है।मृतक के पास से मिली आई डी से उनकी पहचान होने पर घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है।

आज़ादी के बाद सरकारों ने पसमांदा समाज को किया नज़रअदांज़- प्रियंक

पीएम मोदी पसमांदा समाज के सबसे बड़े शुभचिंतक- जावेद मलिक

शेरकोट में हुआ पसमांदा मुस्लिम संवाद कार्यक्रम

शेरकोट (चिंगारी)। अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच की ओर से आयोजित किये गए 'पसमांदा मुस्लिम संवाद' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग भारत सरकार के सदस्य प्रियंक कानूनगो और अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष जावेद मलिक ने पसमांदा समाज की हालात, समस्या और समाधान पर बातचीत करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।

कल दोपहर नगर के दून बैंकट हॉल में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पसमांदा समाज के लगातार पिछडने का कारण जातिवाद, भेदभाव, शोषण और अशिक्षा रहा है। उन्होंने कुरान के हवाले से तालीम का महत्व बताते हुए लोगों से अपने बच्चों का मुस्तकबिल संवारने के लिए हर हाल मे पढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से सरकारों ने पसमांदा समाज की हालत को नजर अंदाज किया है लेकिन भाजपा सरकार मुस्लिम समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज़ को मजबूती देने और भविष्य की दिशा तय करने के लिए बुनियादी समस्याओं, हालात और स्थाई समाधान पर खुल कर संवाद कर रही है। उन्होंने लोगों से इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार को अपनी हालत से वाक़िफ़ कराने की अपील की।

वरिष्ठ अतिथि जावेद मलिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसमांदा समाज के बड़े शुभचिंतक बताते हुए कहा कि वे इस समाज के उत्थान व सम्मान के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास के आधार पर बिना भेदभाव कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने पसमांदा समाज के सशक्तिकरण और सकारात्मक बदलाव के लिए अपनी समस्याए इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम मे भाजपा नेता शरद चन्द शर्मा, डा. इमरान ,कय्यूम मलिक, एजाज मलिक, राशिद मलिक, शहजाद अहमद, मौ अरशद ,बादशाह अंसारी, जरीस अंसारी, इमरान कुरैशी, लईक अंसारी, यावर अंसारी, हाजीअय्यूब, क्यामुद्दीन माहिगीर, आदिल ठेकदार, मौ. आबिद, नासिर सभासद, मुन्ना राईन , सलमान कस्सार, हसन कस्सार, यूनुस कुरैशी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजक संचालन मौश परवेज़ बक्शी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी पश्चिम उत्तर प्रदेश भारतीय किसान उद्योग व्यापार मण्डल ने किया।

एमपी बक्शी का कद बढ़ा

एम पी बक्शी की पहचान मुस्लिम समाज में भाजपा के एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में होती है। उनके द्वारा पार्टी की नीतियों का बढ़-चढ़कर प्रचार प्रसार किया जाता है। उनके द्वारा राष्ट्रीय स्तर के अतिथियों की मौजूदगी में पसमांदा मुस्लिम संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन कराकर अपनी पकड़ का अहसास करा दिया है। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम की गई सराहना ने एम पी बक्शी का राजनीतिक कद बढ़ा दिया है । काफी

अतिथियों का हुआ भव्य स्वागत

एमपी बक्शी के नेतृत्व में अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो का नगर में भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों के आगमन पर समर्थकों एवं पसमांदा समाज के लोगों में उत्साह दिखाई दिया। एम पी बक्शी के नेतृत्व में लोगों ने दोनों अतिथियों को फूल-मालाओं और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। भव्य स्वागत और सम्मेलन में पहुंची पसमांदा समाज की भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया।

पति पत्नी रहते गुजरात में चोरी हो गई रात में

शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में परिजनों की अनुपस्थिति का लाभ उठाकर अज्ञात चोर सेफ अलमारी के ताले तोड़कर डेढ़ लाख रुपए की नकदी और सोने चांदी के जेवर चुराकर ले गए।

थाना कोतवाली के ग्राम इब्राहिमपुर खंडसाल निवासी अंकित त्यागी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन मनीषा त्यागी की शादी शेरकोट के ग्राम मिर्जापुर निवासी पुनीत त्यागी के साथ हुई है। फिलहाल उसकी बहन बहनोई बच्चों के साथ गुजरात में रहते है। अंकित के मुताबिक उसकी बहन का सब सामान उनके मकान में रखा हुआ है। सोमवार की रात अज्ञात चोरो ने कमरे में रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे डेढ़ लाख रुपये की नकदी,एक मंगलसूत्र और 10 से 12 जोड़ी पायल चुराकर ले गए। थानाध्यक्ष राम प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चोरों को पकड़ कर जल्दी ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं सूत्रों के मुताबिक इस मामले में पुलिस के हाथ कुछ अहम सबूत लगे हैं, जिनके आधार पर पुलिस चोरों के करीब पहुंच गई है।

गुरुद्वारे में हुई गुरुवाणी पाठ व कीर्तन प्रतियोगिता

धामपुर (चिंगारी)। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में गुरुवाणी पाठ एवं कीर्तन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

गुरुद्वारा के दीवान हाल में बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सीडाना , बीबी सर्वजीत कौर अरोड़ा बीबी हरमीत कौर खालसा के संयोजन में आयोजित प्रतियोगिता में सरदार जसमान सिंह ने प्रथम तथा जसवीर कौर ,दिवजोत कौर एवं जपनूर कौर ने द्वितीय तथा सरदार हरजस सिंह और सरदार निशप्रीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेता बच्चों को सामूहिक जयकारों के बीच सम्मानित किया गया। बेबे नानकी दल की जत्थेदार बीबी अमनप्रीत कौर सिडाना ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य गुरमुख परिवारों के बच्चों को पहली पातशाही साहिब श्री गुरुनानक देव जी महाराज से लेकर दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी महाराज तक के सभी दसों गुरुओं तथा चारों साहिबजादों के जीवन दर्शन आदर्श और सिद्धांतों से परिचित कराना है।

प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे।

भली लगे या बुरी...

सवाल आयोग की शुचिता का है!

पिछले कुछ समय से चुनाव आयोग लगातार आरोपों से घिरा रहा है, जितना ही वह इनसे उबरने की कोशिश करता है, उतने ही हालात और उलझते जा रहे हैं। अब तो नेता विपक्ष राहुल गांधी यहां तक कह रहे हैं कि वह प्रधानमंत्री मोदी के इशारे पर काम कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह मतदाता सूचियों में कथित घालमेल की योजना बनाते हैं और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार उसे लागू करते हैं। जिस तरह से पिछले बंगाल विधानसभा चुनाव में लाखों मतदाताओं को चुनाव से पहले सूची से हटा दिया गया और चुनाव बाद उन्हें फिर से जोड़ दिया गया, ऐसे अनेक प्रकरण विपक्ष के आरोपों को लगातार मजबूत कर रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि न केवल बंगाल बल्कि इससे पहले बिहार, हरियाणा और दिल्ली आदि के विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने मतदाता सूचियों में कथित घालमेल के जरिए ही जीते हैं। ऐसे में चुनाव आयोग को अपनी शुचिता का प्रमाण खुद ही देना है। ऐसे प्रमाण जो आम जनता को आसानी से समझ में आ जाएं।

चुनाव आयोग से सीधा सवाल है कि आपका काम क्या है? मतदाता सूची में मरे हुए लोगों के नाम हैं, तो हटाइए या एक आदमी का नाम दो जगह है, तो ठीक कीजिए। जो कहीं और चला गया है, उसका पता बदलिए या नए मतदाता आए हैं, तो उन्हें जोड़िए। देश की जनता को इससे कोई शिकायत नहीं होगी, लेकिन अगर मतदाता सूची सुधारने की प्रक्रिया इतनी जटिल हो जाए कि करोड़ों लोगों को अपने ही वोट का हिसाब देना पड़े, तो सवाल उठेंगे ही और उनके जवाब भी चुनाव आयोग को देने पड़ेंगे। चुनाव आयोग उस घर का रखवाला है, जिसे 'लोकतंत्र' का नाम दिया गया है और आयोग का काम यह देखना है कि किसी का वोट चोरी न हो, किसी का नाम गलत तरीके से न कटे और कोई ऐसा व्यक्ति मतदान न कर पाए, जिसे कानूनन अधिकार नहीं दिया गया है। लेकिन दुर्भाग्यवश वर्तमान चुनाव आयोग विपक्ष के साथ-साथ तमाम जनता की भी कसौटी पर खरा नहीं उतर पा रहा। ज्ञानेश कुमार जी को ठंडे दिमाग से यह भी सोचना चाहिए कि वह संवैधानिक संस्था राष्ट्रीय चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं और वह लोकतंत्र व मतदाताओं के प्रति जवाबदेह हैं, और उनसे पहले किसी भी मुख्य चुनाव आयुक्त पर इतनी उंगलियां नहीं उठी हैं।

शिक्षा की बदहाली की कहानी केवल जर्जर भवनों, शिक्षकों की कमी या संसाधनों के अभाव तक सीमित नहीं है। इसके भीतर एक ऐसी गंभीर समस्या भी पल रही है, जिस पर उतनी चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए। वह है - खाली कक्षाएं, कागजों पर दर्ज उपस्थिति और वास्तविक अध्ययन-अध्यापन से दूर होती शिक्षा व्यवस्था। सवाल यह है कि जब कक्षाओं में पढ़ाई नहीं हो रही, विद्यार्थी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हैं और शिक्षण की गुणवत्ता लगातार सवालों के घेरे में है, तब परीक्षा परिणामों में अव्वल आने की यह होड़ आखिर किस उपलब्धि का उत्सव मना रही है?

खाली कक्षाएं,फ़र्ज़ी हाज़िरी और अव्वल छात्र : शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

-डॉ. रविशंकर कुमार चौधरी

शिक्षा व्यवस्था में सब कुछ ठीक है, तो फिर कक्षाओं में पढ़ाई को लेकर सवाल क्यों उठ रहे हैं? विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए तरह-तरह के निर्देश जारी किए जाते हैं, शिक्षकों की जवाबदेही तय करने की बात होती है और परीक्षा परिणामों को शैक्षणिक उपलब्धि के रूप में पेश किया जाता है। लेकिन इन तमाम कवायदों के बीच एक बुनियादी सवाल अक्सर पीछे छूट जाता है। क्या कक्षाओं में वास्तव में पढ़ाई हो रही है, या शिक्षा व्यवस्था उपस्थिति के आंकड़ों और परीक्षा परिणामों के बीच ही सिमटकर रह गई है? खाली कक्षाएं, अनियमित अध्यापन और उपस्थिति में कथित गड़बड़ियों की शिकायतें केवल प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं हैं। ये उस शिक्षा व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती हैं, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और विवेक से संपन्न बनाना है। यदि विद्यार्थी कक्षा से दूर हैं, पढ़ाई नियमित नहीं है और अभिलेखों में दर्ज उपस्थिति वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाती, तो फिर शैक्षणिक गुणवत्ता का आकलन किस आधार पर किया जा रहा है? विडंबना देखिए कि शिक्षा की सफलता का आंकलन अक्सर नामांकन, उपस्थिति और परीक्षा परिणामों के आंकड़ों से किया जाता है, जबकि असली कसौटी यह होनी चाहिए कि विद्यार्थी ने सीखा कितना। अच्छे अंक और बेहतर परीक्षा परिणाम निश्चित रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे अपने आप में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण नहीं हो सकते। राज्यों के लिए यह सवाल और भी अहम है, जहां शिक्षा सामाजिक बदलाव, आर्थिक आत्मनिर्भरता और रोजगार के अवसरों से सीधे जुड़ी हुई है। ऐसे में जरूरी है कि शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा केवल कागजी उपलब्धियों के आधार पर न हो, बल्कि कक्षाओं की वास्तविक स्थिति, नियमित अध्यापन और विद्यार्थियों के सीखने की क्षमता को केंद्र में रखकर की जाए। आखिर सवाल सिर्फ हाजिरी का नहीं, लाखों विद्यार्थियों के भविष्य का है। कक्षाओं में पढ़ाई के बजाय उपस्थिति का हिसाब, मूल्यांकन में खानापूर्ति और परीक्षा परिणाम में अव्वल आने की होड़। जब शिक्षा का उद्देश्य ही पीछे छूट जाए, तो डिग्रियों की चमक से ज्ञान का अंधकार दूर नहीं हो सकता।

शिक्षा की बदहाली की कहानी केवल जर्जर भवनों, शिक्षकों की कमी या संसाधनों के अभाव तक सीमित नहीं है। इसके भीतर एक ऐसी गंभीर समस्या भी पल रही है, जिस पर उतनी चर्चा नहीं होती जितनी होनी चाहिए। वह है - खाली कक्षाएं, कागजों पर दर्ज उपस्थिति और वास्तविक अध्ययन-अध्यापन से दूर होती शिक्षा व्यवस्था। सवाल यह है कि जब कक्षाओं में पढ़ाई नहीं हो रही, विद्यार्थी नियमित रूप से उपस्थित नहीं हैं और शिक्षण की गुणवत्ता लगातार सवालों के घेरे में है, तब परीक्षा परिणामों में अव्वल आने की यह होड़ आखिर किस उपलब्धि का उत्सव मना रही है? शिक्षा को लेकर सरकारें बड़े-बड़े दावे करती रही हैं। कभी विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की बात होती है, कभी शिक्षकों की नियुक्ति को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया जाता है, तो कभी परीक्षा परिणामों को राज्य की शैक्षिक प्रगति का प्रमाण बनाया जाता है। लेकिन शिक्षा की वास्तविक तस्वीर केवल नियुक्तियों, नामांकन के आंकड़ों और परीक्षा परिणामों से नहीं बनती। उसका असली चेहरा उस कक्षा में दिखाई देता है, जहां शिक्षक पढ़ा रहा हो, विद्यार्थी सीख रहा हो और ज्ञान को समझने, सवाल पूछने तथा अपनी प्रतिभा विकसित करने का अवसर मिल रहा हो। दुर्भाग्य यह है कि आज इसी बुनियादी सवाल पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

उपस्थिति का हिसाब या शिक्षा का हिसाब?

विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सामान्य और आवश्यक जिम्मेदारी है। नियमित उपस्थिति से अनुशासन बनता है, शिक्षण की निरंतरता बनी रहती है और विद्यार्थी अपने अध्ययन के प्रति गंभीर होते हैं। लेकिन जब उपस्थिति स्वयं एक औपचारिकता बन जाए, तब वही व्यवस्था शिक्षा के उद्देश्य से भटकने लगती है। यदि किसी कक्षा में विद्यार्थी मौजूद नहीं हैं, लेकिन अभिलेखों में उनकी उपस्थिति दर्ज है, तो यह केवल हाजिरी रजिस्टर की गड़बड़ी नहीं, बल्कि पूरी शैक्षणिक प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न है। यदि उपस्थिति का आंकड़ा वास्तविकता से मेल नहीं खाता, तो उसके आधार पर तैयार की गई शैक्षणिक रिपोर्ट, निरीक्षण व्यवस्था और संस्थान के प्रदर्शन का आकलन भी संदिग्ध हो जाता है। यहां एक जरूरी अंतर समझना होगा। हर खाली कक्षा फर्जी उपस्थिति का प्रमाण नहीं है। कभी समय-सारिणी की समस्या होती है, कभी शिक्षक अनुपस्थित होता है, कभी विद्यार्थियों की उपस्थिति कम रहती है और कभी प्रशासनिक कारणों से नियमित पढ़ाई बाधित होती है। लेकिन यदि इन समस्याओं के बावजूद कागजों पर सब कुछ सामान्य दिखाया जा रहा है, तो यह व्यवस्था की विफलता को छिपाने का तरीका बन सकता है।

शिक्षक हैं, विद्यार्थी हैं, फिर पढ़ाई कहां है?

सरकारी विद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थिति पर विचार करते समय शिक्षकों की भूमिका को भी व्यापक संदर्भ में देखना होगा। शिक्षक किसी भी शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल कक्षा में उपस्थित होने या उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर करने तक सीमित नहीं है। उनका मूल दायित्व विद्यार्थियों को पढ़ाना, उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करना और उन्हें ज्ञान तथा कौशल से संपन्न बनाना है। इसी तरह संस्थान के प्रधानाध्यापक, प्राचार्य और विश्वविद्यालय प्रशासन की भूमिका भी केवल आदेश जारी करने, बैठकों में भाग लेने तथा प्रतिवेदन भेजने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कक्षाएं चलें, विषयवार शिक्षण हो, प्रयोगशालाएं और पुस्तकालय उपयोग में आएं तथा विद्यार्थियों के सीखने की नियमित समीक्षा की जाए। यह भी ध्यान रखना होगा कि शिक्षकों से गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ, रिक्त पद, विषय विशेषज्ञों की कमी, अव्यावहारिक समय-सारिणी और अपर्याप्त संसाधन जैसी समस्याएं वास्तविक हैं। इनका समाधान किए बिना केवल शिक्षकों को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा। लेकिन संसाधनों की कमी को अनिश्चितकाल तक पढ़ाई की उपेक्षा का बहाना भी नहीं बनाया जा सकता। सरकार और प्रशासन को यह स्पष्ट करना होगा कि शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिकता क्या है-कक्षाओं का नियमित संचालन या केवल कागजी अनुपालन?

महाविद्यालयों में खाली कक्षाओं का सवाल और भी गंभीर

उच्च शिक्षा की स्थिति पर चर्चा करते समय संबद्ध और अंगीभूत महाविद्यालयों की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बड़ी संख्या में विद्यार्थी स्नातक की डिग्री लेने के लिए महाविद्यालयों में नामांकन कराते हैं। लेकिन नामांकन के बाद उन्हें नियमित कक्षाएं, पर्याप्त शिक्षक, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, मार्गदर्शन और अकादमिक वातावरण कितना मिलता है? यह सवाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बहुविषयक शिक्षा, आलोचनात्मक चिंतन, कौशल विकास और अनुभव आधारित अध्ययन पर जोर दिया गया है।

सांध्य दैनिक चिंगारी का विमोचन करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह।
साथ में चिंगारी संस्थापक बाबूसिंह चौहान, चंद्रमणि रघुवंशी व सूर्यमणि रघुवंशी (25 अक्टूबर 1985)

सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ पर

मिला भरपूर आशीर्वाद

सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, संवाददाताओं, अभिकर्ताओं सहित सभी सहयोगियों व शुभचिंतकों का दिल से धन्यवाद!

शुभ रघुंवशी सूर्यमणि रघुवंशी चन्द्रमणि रघुवंशी

एवं समस्त चिंगारी परिवार

बादलों ने सुहागिनों को सताया, चन्द्रमा नज़र नहीं आया

बिजनौर (चिंगारी)। करवाचौथ के पावन पर्व पर इस बार मौसम के बदले मिजाज ने सुहागिनों की कड़ी परीक्षा ली। दोपहर के बाद से ही आसमान पर बादलों का पूरी तरह से कब्जा हो गया था, जिससे रात को चांद के दीदार की उम्मीदों पर पानी फिर गया। काफी इंतजार के बाद आखिरकार महिलाओं ने ईश्वर को साक्षी मानकर आकाश की ओर अर्घ्य अर्पित किया और पतियों के हाथ से जल पीकर अपना व्रत पूरा किया।

त्योहार के मद्देनजर बिजनौर के बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं थी। सजने-संवरने के लिए महिलाएं सुबह से ही ब्यूटी पार्लरों का रुख करती रहीं। घरों में भी महिलाओं ने एक-दूसरे की हथेलियों पर खूबसूरत मेहंदी रचाई। सर्राफा दुकानों पर भी जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली, जहां पायल, कुंडल और अंगूठियों की जमकर बिक्री हुई। दिनभर महिलाओं ने अपने कुटुंब व आसपास के बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

पतियों ने भी रखा व्रत

जिले में करवाचौथ को लेकर सुबह से ही घरों में भारी उत्साह और उल्लासपूर्ण माहौल देखा गया। सुहागिनों ने जहां अपने पतियों की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखा, वहीं प्रेम और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए इस बार बड़ी संख्या में पतियों ने भी अपनी पत्नियों के लिए उपवास रखा।

अचानक बदला मौसम

शाम के समय महिलाओं ने रात की पूजा और पकवानों की तैयारी जल्दी ही शुरू कर दी थी। लेकिन इसी बीच मौसम ने करवट ले ली और बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया। दिन ढलते-ढलते तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। सज-धजकर तैयार हुईं सुहागिनें हर साल की तरह चांद देखने के लिए छत पर तो गईं, लेकिन गुरुवार को घने बादलों ने चंद्रमा के दिखने की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी थी।



ईश्वर को साक्षी मानकर पूरा किया पूजन

आखिरकार, रात साढ़े आठ बजे के बाद जब चांद दिखने की कोई संभावना नहीं बची, तो परिजनों के समझाने पर महिलाओं ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ईश्वर को ही साक्षी मान लिया। सुहागिनों ने आसमान की तरफ मुंह करके प्रतीकात्मक रूप से चंद्रमा को अर्घ्य दिया। इसके बाद पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार छलनी से आसमान और फिर पति का चेहरा देखकर पूजन संपन्न किया। पतियों ने अपनी पत्नियों को जल

10 वर्षीय रहमान ने मुकम्मल किया हिफ़्ज़-ए-कुरआन

पैजानिया (चिंगारी)। थाना हल्दौर क्षेत्र के गांव पावटी निवासी हाफ़िज़ नसीम के 10 वर्षीय साहबजादे हाफ़िज़ मोहम्मद रहमान ने हिफ़्ज़-ए-कुरआन मुकम्मल कर ली है। हाफ़िज़ नसीम एक समाजसेवी व्यक्ति हैं और वर्तमान में पास के गांव मुकरपुर सत्ती में इमामत के फरायज़ अंजाम दे रहे हैं। उनके बेटे मौ. रहमान ने मदरसा जामिया अल-हिदायातुल इस्लामिया, नूरपुर से कुरआन-ए-पाक को हिफ़्ज़ किया है। इतनी कम उम्र में कुरआन पाक को दिल में महफूज़ कर लेना पूरे इलाके के लिए फख्र की बात है। इस मुक़द्दस मौके पर गांव पावटी, मुकरपुर सत्ती और पावटी क्षेत्र के सैकड़ों सम्मानित लोगों, उलेमा-ए-किराम और रिश्तेदारों ने हाफ़िज़ नसीम और उनके परिवार को मुबारकबाद दी। सभी ने हाफ़िज़ मोहम्मद रहमान के रोशन और उज्ज्वल मुस्तकबिल के लिए दुआएं की और अल्लाह से उनके इल्म में और बरकत की दुआ की।

400 साल पुराना रहस्यमयी कुआं

यहां एक डुबकी लगाते ही दूर हो जाते हैं रोग

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले अंतर्गत सदाशिवपेट के राघवेंद्रनगर में स्थित एक प्राचीन सीढ़ीदार कुआं (बावड़ी) आज भी इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिकता की अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। स्थानीय लोग इसे 'पुष्करिणी' मानकर पूरी श्रद्धा के साथ पूजते हैं। लगभग 400 वर्ष पूर्व निर्मित यह भव्य संरचना आज भी पूरी तरह सुरक्षित है और इसमें निरंतर जल भरा रहता है, जो हमारे पूर्वजों के बेजोड़ इंजीनियरिंग कौशल और दूरदर्शिता को दर्शाता है। यह ऐतिहासिक कुआं केवल पेयजल का स्रोत नहीं, बल्कि अत्यंत पवित्र स्थान माना जाता है। स्थानीय निवासियों की दृढ़ आस्था है कि इस 'पुष्करिणी' का जल पीने और इसमें स्नान करने से सभी प्रकार के रोग दूर हो जाते हैं तथा जीवन में शुभता का आगमन होता है। इस तेजस्वी 'पुष्करिणी' का संबंध समीप स्थित प्रसिद्ध श्री जानकी रघुनाथस्वामी मंदिर से है।

जनकम्मा और रघुनाथ महाराज की पावन गाथा:- स्थानीय कथाओं के अनुसार, अतीत में मातृश्री जनकम्मा और रघुनाथ महाराज सदाशिवपेट से करीब 3 किलोमीटर दूर एनीकेपल्ली गांव के पास होम-यज्ञ किया करते थे। कार्तिक बहुला एकादशी के दिन जब भगवान रघुनाथ स्वामी का देहांत हुआ, तब उनकी पत्नी जनकम्मा ने चिता में प्रवेश कर सहगमन किया। मान्यता है कि जहां चिता जलाई गई थी, वहां भस्म के स्थान पर केवल फूल शेष रहे। इन्हीं फूलों के स्थान पर मंदिर का निर्माण कराया गया और तब से लोग उन्हें देवता मानकर पूजते हैं।

करोड़पति के सपने और रोगमुक्ति से जुड़ा इतिहास:- इस पुष्करिणी के निर्माण के पीछे एक दिलचस्प इतिहास जुड़ा है। प्राचीन समय में कुष्ठ रोग से पीड़ित एक धनवान व्यक्ति इस क्षेत्र में आए और अंजीर के पेड़ के नीचे विश्राम करने लगे। रात में भगवान रघुनाथ स्वामी ने उनके स्वप्न में दर्शन देकर बताया कि पास के छोटे से तालाब में स्नान करने से उनका रोग ठीक हो जाएगा। करोड़पति ने पूर्ण विश्वास के साथ स्नान किया और वे पूरी तरह रोगमुक्त हो गए। इसके आभार स्वरूप उन्होंने इस विशाल और सुंदर पुष्करिणी का निर्माण करवाया। यह मंदिर सदाशिवपेट शहर के बसने से भी पुराना बताया जाता है, जहां योगी जानकी रघुनाथ स्वामी ने तपस्या की थी।

400वीं वर्षगांठ पर भव्य समारोह का आयोजन:- हाल ही में इस ऐतिहासिक पुष्करिणी की 400वीं वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाई गई। श्री बाल मार्तण्ड सर्वे मुखियाजी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रमों की शुरुआत पुष्करिणी तीर्थ में प्रात: स्नान से हुई, जिसके बाद महाभिषेकम, रुद्राभिषेकम और विशाल अन्नप्रसादम का आयोजन हुआ। यहां हर साल कार्तिक माह में विशेष उत्सव, श्रावण माह में रुद्राभिषेकम तथा 41 दिनों का पारंपरिक मेला आयोजित किया जाता है, जिसमें हैदराबाद के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बावड़ी उनके गांव की गौरवशाली पहचान है और इसकी तथा आसपास की प्राचीन धरोहरों की सुरक्षा करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

OMG! खुदाई में मिला अनमोल खजाना

रूस में एक ऐसी खोज हुई है जिसने इतिहासकारों को भी हैरान कर दिया है। मॉस्को से तकरीबन 114 किलोमीटर दूर कोलोम्ना नाम के शहर में खुदाई चल रही थी, तभी जमीन के अंदर से एक मिट्टी का मटका निकला। इस मटके के अंदर था चांदी के 2600 सिक्कों का खजाना, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि इसे किसी ने बड़ी ही सावधानी के साथ जमीन में छुपाया था।

रूस की एकेडमी ऑफ साइंसेज के आर्कियोलॉजी इंस्टीट्यूट का कहना है कि यह खजाना 14वीं-15वीं सदी का है और सबसे दिलचस्प बात ये कि इसमें 350 से ज्यादा सिक्के तो ऐसे हैं जिनका डिजाइन पहले कभी दुनिया के सामने आया ही नहीं। उस जमाने में कोलोम्ना कोई मामूली शहर नहीं था, बल्कि आसपास के इलाके का दूसरा सबसे रईस और ताकतवर शहर हुआ करता था। एक्सपर्ट्स का अंदाजा है कि इतनी बड़ी दौलत किसी बहुत बड़े व्यापारी की या फिर किसी बड़े सरकारी अफसर की रही होगी। शायद उसे किसी खतरे का अंदेशा हुआ और उसने अपना सारा पैसा जमीन में छुपा दिया। खजाने में ज्यादातर सिक्के 'देंगा' नाम की पुरानी मुद्रा के हैं। ये सिक्के मॉस्को की राजशाही ने 14वीं सदी के अंत में ढालने शुरू किए थे। हिसाब कुछ ऐसा था दो देंगा से एक कोपेक बनता था, और सौ कोपेक मिलकर एक रूबल। रिसर्चर्स बताते हैं कि इस खजाने के ज्यादातर सिक्के कोलोम्ना में ही ढाले गए थे। ये सिक्के ग्रैंड प्रिंस वासिली प्रथम (1389-1425) और वासिली द्वितीय (1425-1462) के राज के हैं। उस दौर में मॉस्को और उसके आसपास का पूरा क्षेत्र एक तरह से खुदमुख्तार रियासत की तरह चलता था। इस पूरे खजाने में एक सिक्का सबसे ज्यादा ध्यान खींच रहा है। इस पर उड़ते हुए एक पक्षी की तस्वीर बनी है, और यह वासिली प्रथम के शासन के आखिरी दिनों का बताया जा रहा है।

आवारा कुत्ते ने चोरी किए 4 लाख रुपये

बिहार के एक व्यापारी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि एक आवारा कुत्ता उनका 4,00,000 रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गया है। जब खोज बिन की गई, तो पास की गली में 4 लाख में से 1 लाख 40 हज़ार रुपये बरामद किए गए थे।

बबली नामक बकरी को किया गया गिरफ़्तार

ये सुनने में अजीब लग सकता है, लेकिन भारत में ऐसा हो चुका है। दरअसल, छत्तीसगढ़ (साल 2026) में बबली नाम की बकरी और उसके मालिक को गिरफ़्तार कर लिया गया था, क्योंकि बबली बकरी ने पड़ोस में रहने वाले हेमंत राठी के बगीचे में घुसकर फूल और सब्जियां चबा डाली थीं। इसके बाद उसने पुलिस को कॉल करके बुला लिया था। इसके बाद बेल पर दोनों को छोड़ दिया गया था।

बंदर निकला पेट्रोल चोर

पानीपत के बाज़ार में व्यापारियों की मोटरसाइकिल से पेट्रोल गायब मिलता था। रोज़ किसी न किसी की बाइक का पेट्रोल चोरी हो रहा था। जब चोर पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरा चैक किया गया, तो वो एक बंदर निकला। बंदर को पेट्रोल की ऐसी लत लगी कि वो पेट्रोल की लगातार चोरी करने लगा था। इसके बाद बंदर को वहां से भगा दिया गया था।

फिंगरप्रिंट से पकड़ा गया

जब पुलिस ने संदिग्ध महिला को गिरफ्तार किया, तो उसके पास बहन का ID कार्ड मिला।

पुराने फोटो से पहचान नहीं हो सकी, इसलिए फिंगरप्रिंट की मदद ली गई। जांच में पता चला कि वह 8 साल से फरार तुगरुल बाशार ही है।

यहां पैदा हुआ 2 सिर और 8 पैरों वाला बछड़ा, 5 घंटे चली सर्जरी

आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के तेनाली मंडल से एक बेहद विचित्र और हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एरुकलापुडी स्थित एक आयुर्वेदिक आश्रम में एक गाय ने दो सिर और आठ पैरों वाले एक अत्यंत अनोखे बछड़े को जन्म दिया है। कुदरत के इस अजीबोगरीब रूप को देखकर न केवल स्थानीय लोग और आश्रम प्रशासन दंग रह गए, बल्कि प्रसव कराने आए पशु चिकित्सक भी आश्चर्यचकित हो गए। यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और बछड़े को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। घटना एरुकलापुडी स्थित आयुर्वेदिक आश्रम की है, जहां एक गाय को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हुई। स्थिति सामान्य न लगने पर आश्रम प्रबंधन ने तुरंत पशुपालन विभाग के डॉक्टरों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे पशु डॉक्टरों की टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत

रेस्क्यू-प्रसव शुरू किया। लगभग 5 घंटे तक चले लंबे और कठिन प्रसव ऑपरेशन के बाद जब बछड़े को सुरक्षित बाहर निकाला गया, तो उसकी शारीरिक बनावट देखकर खुद डॉक्टर भी चकित रह गए। बछड़े के स्पष्ट रूप से दो जुड़े हुए सिर और आठ पैर थे। जैसे ही दो सिर और आठ पैरों वाले बछड़े के जन्म की बात फैली, एरुकलापुडी ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में लोग आश्रम पहुंचने लगे। हर कोई इस अनोखे जीव की एक झलक पाने को उत्सुक नजर आया। आश्रम परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जिसे बाद में नियंत्रित किया गया।

विशेषज्ञों का क्या है कहना ?

पशुपालन विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों ने इस घटना पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा करते हुए बताया कि जानवरों में इस तरह के शारीरिक परिवर्तन अत्यंत दुर्लभ मामलों (Rare Congenital Anomalies) में ही देखने को मिलते हैं। डॉक्टरों के अनुसार- जब मां के गर्भ में भ्रूण का विभाजन सही तरीके से नहीं हो पाता या कोशिकाओं के विकास के दौरान दुर्लभ आनुवंशिक गड़बड़ी होती है, तब एक ही शरीर में दो सिर, अतिरिक्त हाथ-पैर या अन्य अंग विकसित हो जाते हैं। पशु विज्ञान में इसे एक दुर्लभ विकास संबंधी असामान्यता माना जाता है।

गौ वध के दो आरोपी गिरफ्तार उनके तीन साथी अभी हैं फरार

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम सराय आलम में हुए गौ वध के अपराध में कल पुलिस द्वारा जेल भेजे गये दो आरोपियों ने अपने तीन और साथियों के नाम पुलिस को बताये हैं, जो कि फरार हैं। उधर थानाध्यक्ष ने बताया कि गौ वध में कुछ और व्यक्ति भी शामिल हो सकते हैं, जिसकी जांच की जा रही है। ज्ञातव्य है कि नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी गजेन्द्र सिंह ने परसों रात्रि पुलिस को तहरीर देकर अपने गांव के शफीक पर अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी पालने को दी गई गाय को भूरिया स्त्रोत वाले रास्ते पर पड़ने वाले जंगल में ले जाकर फर्रू के ईख के खेत में काट देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शफीक तथा अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गौ हत्या निवारण अधिनियम उत्तर प्रदेश की धाराओं 3/5/8 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। कल पुलिस ने शफीक पुत्र मंगलू तथा मुर्सलीम उर्फ मुर्सलीन पुत्र शरीफ निवासीगण ग्राम सराय आलम थाना नांगल को गौवंश काटने के उपकरण (औजार), एक कट्टे में गौवंश के अवशेष एवं एक मोबाइल सहित गिरफ्तार कर लिया था। पशु चिकित्साधिकारी डा. मौ. कासिम अली ने बरामद अवशेष (खाल) के गौवंशीय होने की पुष्टि की थी। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने इस अपराध में संलिप्त अपने फरार साथियों के नाम शकील पुत्र जमीर , अम्मू पुत्र मुन्ने तथा फर्रू पुत्र भूरे निवासीगण सराय आलम बताये हैं , जो कि फरार हैं। थानाध्यक्ष अन्नू कुमारी ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। उनका कहना है कि इस अपराध में कुछ अन्य आरोपी भी शामिल हो सकते हैं, इस सम्बन्ध में विवेचना की जा रही है।

पुलिस द्वारा जेल भेजे गये गौ वध के आरोपी

हौज में गिरे गुलदार को वन विभाग ने किया रेस्क्यू

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम सबलपुर बींतरा के जंगल में 10 - 12 फिट गहरी हौज में गिरे गुलदार को सामाजिक वानिकी की टीम रेस्क्यू करके विभागीय पौधशाला में ले गई। वाइल्ड लाइफ के चीफ के आदेशानुसार गुलदार को वन क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। वहीं मौके पर मौजूद कई ग्रामीणों ने वन दरोगा को बताया था कि रेस्क्यू किये गये गुलदार की मां भी इस स्थान के आसपास कई बार देखी गई है। वह विशालकाय मादा गुलदार है। ग्रामीणों के अनुसार हौज के पास मादा गुलदार का भी रेस्क्यू करने के लिये पिंजरा लगाया है। वन दरोगा विकास कुमार ने बताया कि रेस्क्यू किया गया गुलदार नर है तथा लगभग एक वर्ष की आयु का है। पशु चिकित्साधिकारी डा. मौ. कासिम अली ने आज पौधशाला पहुंचकर गुलदार का स्वास्थ्य परीक्षण किया। वन दरोगा ने बताया कि लखनऊ से वाइल्ड लाइफ के चीफ से प्राप्त आदेश के अनुसार गुलदार को प्राकृतिक वास हेतु वन क्षेत्र में छोड़ा जायेगा। गुलदार का रेस्क्यू करने वाली टीम में वनकर्मी अनुज शुक्ला, अमित कुमार, धूम सिंह भी शामिल रहे।

गुलदार का रेस्क्यू करती सामाजिक वानिकी की टीम

सरकारी जमीन पर कब्जा पर लेंटर डाला, है कोई रोकने वाला?

शेरकोट (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम नसीरदीवाला निवासी ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर गांव के कुछ लोगों पर रास्ते की सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। गांववासी शुभम चौहान, सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह, प्रमोद आदि ने शिकायती पत्र में बताया कि गांव के मुख्य रास्ते से गांववासी, स्कूली बच्चे और जंगल को जाने वाले किसान नियमित गुजरते हैं। आरोप है कि इस रास्ते में गांव के कुछ लोगों ने अवैध रूप से मकान का निर्माण कर लिया है। जिससे कागजों में 24 मीटर दर्ज ये रास्ता तंग हो गया है और आना जाना बाधित हो गया है । पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि उनकी शिकायत पर तहसील से पहुंचे राजस्व विभाग के लोगों ने नक्शे के अनुसार रास्ते की पेमाइश करने के बाद अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। आरोप है कि इसके बावजूद आरोपियों ने जबरन लेंटर डाल लिया। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण को ध्वस्त कराकर रास्ते की सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराने और आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर ये मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को भेजा पत्र

आंगनबाड़ी कार्यकत्री को एक साल का मानदेय नहीं मिला

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। बाल विकास विभाग के अधिकारियो की उदासीनता और लापरवाही के चलते एक सेवा निवृत आंगनवाड़ी कार्यकत्री का लगभग एक वर्ष का रुका मानदेय नही मिल पा रहा। इसी कारण वह दर दर भटकने को विवश है। आहत पीडिता ने अब विवश होकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अतिशीघ्र मानदेय दिलाये जाने की गुहार लगाई है। ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर खुर्द मे स्थित प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर सुषमा रानी पत्नी श्रवण कुमार निवासी रतनपुर खुर्द कार्यकत्री के पद पर कार्यरत रही है। 30 अप्रैल 2024 को उन्हे सेवानिवृत किया गया था जिसमें जन्मतिथि के आधार पर सेवा विस्तार का लाभ दिया गया था लेकिन उनका एक वर्ष का मानदेय आज भी अधर मे लटका पडा है जिसके कारण उसे और उसके परिवार को आर्थिक तंगी झेलने को विवश होना पड रहा है। घर का खर्च चलाना, बच्चों की पढ़ाई, इलाज आदि खर्च चलाना दूभर हो चला है। तहसील समाधान दिवस और विभागीय अधिकारियो से मानदेय दिलाने की गुहार लगाई गई, फिर भी आश्वासन के सिवाय कुछ ना मिल सका।

अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर लगाई गुहार

साइबर अपराधों के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। पंजाब नेशनल बैंक शाखा हीमपुर दीपा के बैंक अधिकारियों के दिशा निर्देशन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत क्षेत्र मे विशेष अभियान चलाया गया जिसमें ग्राहकों और आम जनता को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। क्षेत्र के रतनपुर गांव में स्थित ग्राम सचिवालय भवन पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रबंधक सरोवर लाल ने साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राहकों को भ्रष्टाचार से बचने ईमानदारी से काम करने तथा पारदर्शिता बनाए रखने के प्रति उन्हें जागरूक करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सतर्कता ही बचाव है, इसलिए अपने बैंक खातों की जानकारी अनजान लोगों के साथ साझा न करें साथ ही अपना ओटीपी पासवर्ड किसी को ना बताए, हमेशा गोपनीयता बनाए रखें, किसी भी धोखाधड़ी की स्थिति में कॉल करें या फिर साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करायें। पीएनबी पीसी कमल कुमार शर्मा उनके साथ रहे।

चिल्ड्रन्स एकेडमी में हुआ विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन

नूरपूर चिल्ड्रन्स एकेडमी में विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

नूरपुर (चिंगारी)। मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में बृहस्पतिवार को विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान अरावली हाउस, द्वितीय स्थान विंध्याचल हाउस, तृतीय स्थान शिवालिक हाउस ने प्राप्त किया। चारों हाउस से निम्नलिखित विद्यार्थियों ने सही जवाब दिए। अरावली हाउस में कक्षा 3 से अक्षी, मानस, नवित, जीविका, कक्षा 4 से अथर्व, आकर्ष, रय्यान, सात्विक, विधि, कक्षा 5 से तेजस, शयान, कक्षा 6 से यक्षी, तन्वी, कक्षा 7 से सीनू, अंश, कक्षा 8 से अलीशा, अन्यया, कक्षा 9 से वंश, कनिष्का, देवांश, कक्षा 10 से रोहाव, कार्तिक ने सही जवाब देकर अपने हाउस को प्रथम स्थान दिलाया। विंध्याचल हाउस में कक्षा 3 से खुश, यशी, ध्रुव, कक्षा 4 से निष्कर्ष, अबूजर, कक्षा 5 से पार्थ, आरव, जीनत, अयान, पृथ्वी, कक्षा 6 से शशांक, अरविंदर सिंह, श्रेया, कक्षा 7 ओजस्वी, कक्षा 8 से अभय, टिंकू, कक्षा 9 से कृर्ति, कक्षा 10 से सिद्रा, शोएब ने सही जवाब देकर अपने हाउस को द्वितीय स्थान दिलाया। शिवालिक हाउस में कक्षा 3 से अनिका, वेदांश, इवद, हन्नान, कक्षा 5 से शिवा, तुषार, कक्षा 6 से रिद्धि, दर्शिका, अरनव, कक्षा 7 से सिद्रा, शदफ, कक्षा 8 से कार्तिक, पारस, शिवांशी, कक्षा 9 से काव्या, अवनी कक्षा 10 से तेजस्वी, अदिति, चर्चित, मनु, अक्षय ने सही जवाब देकर अपने हाउस को तृतीय स्थान दिलाया। नीलगिरी हाउस में कक्षा 3 से अब्दुल बारी, पार्थ, वासु, कक्षा 4 से देवांश, तनिष्क, अक्षर, कक्षा 5 से सात्विक, समायरा, राघव, मेघा, हुमेरा, कक्षा 6 से चारु, शगुन, कक्षा 7 से अन्वी, शरद, कक्षा 8 से मानवी, हरप्रीत, कक्षा 9 से जिज्ञासा, राफिया, कक्षा 10 से निशांत ने प्रश्नों के सही उत्तर दिए। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉ. प्राज्ञ गोयल उपस्थित रहे। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पल्लवी और बासु कुमार ने जीती चैंपियनशिप

हरेवली (चिंगारी)। विकास क्षेत्र अफजलगढ़ की न्याय पंचायत हरेवली की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता गत दिवस हरेवली स्थित पीएम श्री विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में संविलियन विद्यालय रामनगर गोसाई की पल्लवी तथा संविलियन विद्यालय बाजितपुर के बासु कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की। प्रतियोगिता में 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 600 मीटर दौड़, शरुतलेख, लंबी कूद, ऊंची कूद तथा डिस्कस थ्रो सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ शिक्षिका समर जहां एवं शशिकांता मैम ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता से पूर्व छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धर्मवीर सिंह ने की, जबकि संचालन मास्टर शमीम, जितेंद्र शर्मा एवं यशवंत सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शिक्षण संकुल सचिन कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कामिनी चौहान, अंकित कुमारी, विवेक कुमार, कुलदीप कुमार, प्रशांत कुमार, वशिष्ठ, जागेश्वर सिंह, हितेश कुमार, मनोज कुमार, तरुण कुमार, शहजाद आलम, अनुज कुमार सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता के आयोजन में शिक्षण संकुल सचिन कुमार का विशेष योगदान रहा।

तीन माह से चल रहा था फरार, चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। बीती 22 व 24 जुलाई को रेहड़ क्षेत्र के ग्राम भगतावाला व मोहिउद्दीनपुर में शरीफ, निजामुद्दीन व बृजेश चौहान के यहां हुई नगदी व सोने चांदी के जेवरात की चोरी की घटनाओं में प्रकाश में आए छह अभियुक्तों में से अब तक फरार चले आ रहे एक अभियुक्त फिरोज पुत्र भूरा निवासी ग्राम हमीरपुर थाना भोजपुर (मुरादाबाद) को रेहड़ पुलिस ने बुधवार की रात्रि क्षेत्र के अल्लेहपुर मोहकम से 25000 रु. नगदी व सोने, चांदी के कुछ जेवरात सहित गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसपी केके विश्नोई ने बिजनौर में बताया कि घटनाओं का सप्ताह भर के अंदर ही खुलासा कर दो अभियुक्तों साबिर उर्फ कालिया पुत्र अफसर अली निवासी खय्या खादर थाना भोजपुर (मुरादाबाद) व अनीस उर्फ़ बैल पुत्र अमीर बख्श निवासी तलवार थाना असमोली (सम्भल) को पीलीडैम क्षेत्र से 27900 नकदी व सोने चांदी के कुछ जेवरात के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। रेहड़ पुलिस के मुताबिक चोरी की इन्हीं घटनाओं में शामिल तीन अभियुक्तों भूरा उर्फ इकरार पुत्र वाहिद अली निवासी सिडलऊ नजरपुर थाना भोजपुर (मुरादाबाद), बरकत पुत्र शमसुद्दीन निवासी सत्तू नंगला थाना मुंडा पांडे व अली वारिश पुत्र सुबराती निवासी नहरुला थाना ऐचोडा कंबोज जिला संभल ने घटना के कुछ दिन बाद ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया था।

घटना के खुलासे की जानकारी देते हुए एसपी। पीछे खड़ा है आरोपी।

करवा चौथ पर महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

हल्दौर (चिंगारी)। नगर में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने दिनभर उपवास कर शाम को विधि-विधान से करवा माता की पूजा-अर्चना की तथा व्रत कथा का श्रवण किया। वृहस्पतिवार को करवा चौथ पर्व पर महिलाओं में खासा उत्साह रहा। बाजारों में दिनभर रौनक रही। सोलह श्रृंगार कर महिलाओं ने पूजन की तैयारियां की। रात्रि में चंद्रमा के दर्शन होने पर अर्घ्य अर्पित किया गया। इसके बाद महिलाओं ने छलनी से चंद्रमा एवं पति के दर्शन कर व्रत का पारण किया। घरों में पूजा-अर्चना के साथ पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया गया। महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

डा. मूलचंद सैनी के हास्पिटल में हो रहा हमले में घायल पिता-पुत्र का इलाज

चांदपुर (चिंगारी)। तीन दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम तालिबपुर उर्फ तालमपुर में हुए खूनी संघर्ष में गम्भीर रूप घायल पिता-पुत्र का मेरठ स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. मूलचंद सैनी के सैनी हॉस्पिटल में उपचार हो रहा है। डॉ. मूलचंद सैनी के अनुसार, गोपाल पुत्र हरकेश के दिमाग की हड्डी टूट गई है और दिमाग में सूजन है। वहीं हरपाल सैनी के दिमाग में भी गंभीर चोट आई है,जिनका उपचार किया जा रहा है। मालूम हो कि सोमवार को कुआं पूजन के लिए जा रही महिलाओं व पुरुषों के साथ दूसरे सम्प्रदाय के लोगों ने लाठी डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिसमें अनेक लोग धायल हो गये थे।हमले में गंभीर रूप से धायल गोपाल व हरपाल को उपचार के लिए मेरठ स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता डा मूलचंद सैनी के हास्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां डा मूलचंद सैनी व उनकी टीम द्वारा गम्भीर रूप घायल गोपाल व हरपाल का उपचार किया जा रहा है।

हमले में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति का उपचार करते डा मूलचंद सैनी।

डा. ढिल्लो की जीत हुई शानदार, शिक्षक मतदाताओं का आभार - तपराज सिंह

नजीबाबाद (चिंगारी)। बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र पर भाजपा प्रत्याशी डा. हरि सिंह ढिल्लो को मिली ऐतिहासिक जीत पर विद्यालयों के प्रबन्धकों, मतदाता शिक्षकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। ब्लॉक परिसर के दुष्यंत सभागार में आयोजित मतदाता धन्यवाद बैठक को संबोधित करते हुए एमएलसी चुनाव के नजीबाबाद विस क्षेत्र के संयोजक एवं ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने सभी मतदाता शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डा. हरि सिंह ढिल्लो की जीत कई राज्यों में हुए विधान परिषद चुनावों में देश में सबसे बड़ी जीत है। इसके लिये सभी मतदाता बधाई के हकदार हैं। शिक्षक मतदाताओं ने डा. ढिल्लों की लोकप्रियता, शालीनता तथा मोदी-योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अपना मत दिया है। चुनाव सह संयोजक चौधरी ईशम सिंह ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैलेट पेपर से हुए चुनाव में मतदाताओं ने विपक्ष को आईना दिखाने का काम किया है। साहू जैन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. के. सी. मठपाल, अनिल चौहान, सतपाल सिंह, जितेन्द्र सिंह, पंकज कुमार, महावीर सिंह, प्रवीण सिंह तोमर, डा. जितेन्द्र सिंह, डा. भूपेन्द्र सिंह, वसीम अहमद, योगेन्द्र त्यागी, हरेन्द्र तोमर, सुधीर चौधरी, एड. ब्रजराज सिंह, विशम्बर सिंह, एड. कुलवंत सिंह, नरेन्द्र सिंह, नितिन कुमार, पुष्पेन्द्र सिंह, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, रामकुमार शर्मा, प्रियंका जाखेटिया, हेमेन्द्र सिंह, रुपराम सिंह, नौबहार सिंह, राहुल हुड्डा, निखिल कुमार, आलोक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल

मौसम ने ली अंगड़ाई, सर्दी दौड़ी चली आई

बादलों से घिरा आसमान, बारिश से गिरा तापमान

बिजनौर (चिंगारी)। चक्रवर्ती तूफान 'अर्नब' का मौसम पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि कल शाम आसमान बादलों से पट गया और रात में कई घंटे तक लगातार झमाझम बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आ गई, जिससे सर्दी ने दस्तक दे दी। आज सुबह लोगों को गर्म व मोटे कपड़े पहनकर बाहर निकलना पड़ा।

यूं तो सुबह के समय मामूली ठंड पिछले कई दिनों से महसूस की जा रही थी, लेकिन 'अर्नब' के प्रभाव से मौसम का मिजाज काफी बदल गया, जिसके चलते रात में काफी देर



धान की फसल में भरा पानी।

तक अच्छी बारिश हुई। बारिश के प्रभाव से ठंड अचानक बढ़ गई। लोगों को गर्म कपड़े निकालने पड़े। हवा और बारिश के चलते जनजीवन प्रभावित हुआ। जहां तक फसलों की बात है, इस बारिश से लाभ कम, नुकसान ज्यादा हुआ। नांगल सोती के किसान सर्वश्री युधिष्ठर अहलावत, जितेन्द्र सिंह, रोहित कुमार, अवनीश कुमार, हुकम सिंह, श्रवण अहलावत, विजय सैनी, अजय वालिया, सोमवीर सिंह आदि का कहना है कि इस बेमौसम बारिश से 90 प्रतिशत नुकसान है। खेतों में पकी खड़ी मूंजी (धान) को नुकसान पहुंचा है। गन्ने की कटाई-छिलाई भी प्रभावित होगी। उधर, सब्जी की फसलों को भी इस बारिश से नुकसान की आशंका है।

'सऊदी अरब में फंसे यात्रियों को सकुशल वापस लाया जाये'

स्योहारा (चिंगारी)। अखिल भारतीय किसान सभा मंडल स्योहारा ने बीडीओ को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा। जिसमें कहा गया कि सऊदी अरब गये हुए हजारों उमरा भारतीय पिछले 15 दिनों से वहां फंसे हुए है। सभी के पास टिकट है लेकिन भारत से विमान बंद कर देने के कारण सभी उमरा पर गये लोग फंस चुके है, सभी को सकुशल घर लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाए। जिस प्रकार 1990 मे फंसे भारतीयों को लाया गया था। सऊदी अरब में स्थित दूतावास के अधिकारियों से कहा जाए कि उमराह यात्रियों के खाने पीने की व्यवस्था करें। इस दौरान कामरेड इसरार अली, मुंशी असद, मतलूब जलील, जाबिर हुसैन, अनवार, खलील, राजवीर सिंह, कन्हैया सिंह, जरीफ, इन्द्र कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

38 साल बाद हाईकोर्ट से रिहा हुए पूर्व प्रधानाचार्य

चंदक (चिंगारी)। नूतन इंटर कालेज तिसोतरा के पूर्व प्रधानाचार्य ब्रह्मपाल सिंह 38 वर्ष बाद बलात्कार व अपहरण के मुकदमे में उच्च न्यायालय से बरी हुए हैं। दौलतपुर (चंदक) निवासी ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि सन् 1988 में षड्यंत्र के तहत उनके विरोधियों ने उन पर अपहरण व बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट में चली लंबी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने उन्हें बाइज्जत बरी किया। उनका केस अनिल ढाका ने लड़ा। कोर्ट के फैसले से उन्हें बड़ी राहत और न्याय मिला। कोर्ट के फैसले से उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

खराब मौसम के कारण परीक्षार्थी रहे परेशान, कई चौराहों पर लगा जाम

बिजनौर (चिंगारी)। शुक्रवार को दो पालियों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीईटी परीक्षा हुई। खराब मौसम के कारण परीक्षार्थियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दूर दराज़ के गैर ज़िलों के जिन परीक्षार्थियों का सेंटर यहां था और उनका पेपर पहली पाली में था,वे परीक्षार्थी रात ही यहां पहुंच गये थे। ये परीक्षार्थी रात भर यहां भटकते देखे गये। खराब मौसम होने के कारण इन परीक्षार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।परीक्षा केंद्रो के बाहर परीक्षर्थी बूंदा बान्दी से बचने के लिए इधर उधर साया तलाश करते रहे। परीक्षा के कारण शुक्रवार को दिनभर शहर के कई चौराहों पर जाम की स्थिति बनी रही। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने और परीक्षा समाप्त होने के बाद लौटने वाले अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण यातायात का दबाव बढ़ गया। इससे वाहन

चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शुजरवार को सुबह परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों के वाहन शहर में पहुंचने लगे। वहीं, परीक्षा छूटने के समय केंद्रों के आसपास भीड़ बढ़ने से यातायात प्रभावित हुआ। शहर का नुमाइश चौराहा, जजी चौराहा, एसआरएस चौराहा, रोडवेज चौराहा, डाकखाना चौराहा सहित कई स्थानों पर वाहन धीमी गति से चलते दिखाई दिए। जाम के कारण लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लगा। हालांकि परीक्षा के मद्देनजर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए पुलिसकर्मी प्रमुख स्थानों पर तैनात रहे। इसके बावजूद अभ्यर्थियों और अन्य वाहनों की आवाजाही बढ़ने से कुछ चौराहों पर जाम के हालात बने रहे।

महिला से किया ग़लत काम, पुलिस ने लिया थाम

चांदपुर (चिंगारी)। पुलिस ने शादी का झांसा देकर महिला से गलत काम करने तथा फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने 28जुलाई को थाने में दी गई तहरीर में सुनील पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम बोहरा पर शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करने तथा उसकी फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।

बिलाई मिल के ख़िलाफ़ भाकियू का ऐलान, गन्ने से पहले चाहिए भुगतान

बिलाई मिल पर किसानों का 26 करोड़ रुपये बकाया, 20 हजार किसानों ने शपथ-पत्र देकर गन्ना देने से किया इनकार

बिजनौर (चिंगारी)। बजाज ग्रुप की बिलाई चीनी मिल के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर यूनियन ने 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' अभियान शुरू करने की घोषणा की है। अभियान के तहत किसान पहले

5 नवंबर से रोजाना एक हजार किसान कलेक्ट्रेट में डालेंगे 50-50 कुंतल गन्ना

इंडेंट पूजन करेंगे। इसके बाद 5 नवंबर से प्रतिदिन एक हजार किसान 50-50 कुंतल गन्ना कलेक्ट्रेट में लाकर डालेंगे। यूनियन ने इस गन्ने का भुगतान जिलाधिकारी से लेने की बात कही है।

गन्ना समिति में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भाकियू अराजनीतिक के युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने बिलाई चीनी मिल पर किसानों का 26 करोड़ रुपये बकाया होने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसानों के तमाम आंदोलनों के बावजूद मिल भुगतान करने को तैयार नहीं है। जब तक बकाया भुगतान नहीं होगा, तब तक यूनियन का आंदोलन जारी रहेगा।दिगंबर सिंह ने बताया कि बिलाई चीनी मिल को 31,753 किसान गन्ना आपूर्ति करते हैं। इनमें से करीब 20 हजार किसान शपथपत्र देकर मिल को गन्ना देने से इनकार कर चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने मिल के केवल तीन गन्ना खरीद केंद्रों को काटा है। उन्होंने बकाया भुगतान के मुद्दे पर प्रशासन की कार्रवाई पर भी नाराजगी जताई। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 3 नवंबर को मंडलभर के किसान मुरादाबाद कमिश्नरी पर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद 5 नवंबर से कलेक्ट्रेट में गन्ना डालने का अभियान शुरू किया जाएगा। प्रतिदिन एक हजार किसान

प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए दिगम्बर सिंह।

50-50 कुंतल गन्ना लेकर पहुंचेंगे और यह क्रम लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि चीनी मिलें पेराई सत्र शुरू होने से पहले इंडेंट पूजन करती हैं। इसी तर्ज पर यूनियन भी आंदोलन के तहत इंडेंट पूजन करेगी। दिगंबर सिंह ने स्पष्ट किया कि किसान आंदोलन के दौरान न धरना देंगे और न प्रदर्शन करेंगे, बल्कि गन्ना कलेक्ट्रेट में डालेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की यह जिद भी नहीं होगी कि गन्ना कलेक्ट्रेट में ही डाला जाए। जिलाधिकारी जहां कहेंगे, किसान वहीं गन्ना डाल देंगे। उन्होंने 14 दिन बाद गन्ने का भुगतान जिलाधिकारी से लेने की बात कही।

धान खरीद में भी किसानों को परेशानी

प्रेस कांफ्रेंस में दिगंबर सिंह ने धान खरीद का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों का धान खरीद के लिए पंजीकरण नहीं हो पा रहा है। आरोप लगाया कि लेखपालों ने जिन खेतों में धान की फसल खड़ी है, उनमें भी गन्ने की फसल दर्शा दी है। इससे धान किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश से किसानों को पहले ही भारी नुकसान हुआ है। इसके बावजूद सरकारी खरीद नहीं होने से धान किसानों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। प्रेस कांफ्रेंस में भाकियू अराजनीतिक के जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, अतुल सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

बालीवुड से

फिल्म में रोल गंवाने पर तापसी पन्नू का खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री के अपने कड़वे अनुभवों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। नयनदीप रक्षित को दिये इंटरव्यू में तापसी ने बताया कि उन्हें एक बार फिल्म की शूटिंग की तारीखें पक्की होने के बाद भी सिर्फ इसलिए निकाल दिया गया, क्योंकि फिल्म के हीरो की पत्नी उन्हें पसंद नहीं करती थीं। तापसी के मुताबिक, जब उन्होंने फिल्म से बाहर किए जाने की वजह पूछी तो मेकर्स ने उन्हें यही कारण बताया। उन्होंने किसी एक्टर या फिल्म का नाम लिए बिना कहा कि करियर की शुरुआत में उन्हें बिना वजह रिप्लेस करने का सामना करना पड़ा था।

'हीरो की पत्नी को मैं पसंद नहीं थी'

बातचीत में तापसी ने फिल्म से निकाले जाने का वाकया शेयर किया। तापसी ने कहा, मुझसे कहा गया कि फिल्म के हीरो ने मुझे रिप्लेस कर दिया है। भगवान ही वजह जानता है। मैं वजहों का अंदाजा लगाती रहती हूं। शायद उसमें असुरक्षा की भावना थी या वह किसी ऐसे इंसान को फिल्म में चाहता था जो उसके ज्यादा करीब हो। मुझे कोई ठोस वजह नहीं बताई गई। जब मैं बार-बार बाहर किए जाने का कारण पूछती रही, तो मुझे सिर्फ इतना कहा गया कि हीरो मुझे फिल्म में नहीं चाहता। तापसी ने आगे बताया, मुझे रिप्लेस करने की सबसे घटिया वजह यह दी गई कि 'हीरो की पत्नी तुम्हें पसंद नहीं करती।' मुझे आज तक नहीं पता कि वह मुझे पसंद क्यों नहीं करती थी।

नियमित योग अपनायें, खूबसूरती को बढ़ायें

योग से आपकी स्किन में ग्लो आ जाती है। आप अपनी उम्र से छोटी दिखने लग जातीं है। हम कुछ ऐसे योगासनों के बारे में बता रहें है, जिनके नियमित अभ्यास से आप सुन्दर, आकर्षक और जवां दिखने लगेंगीं। योग आत्मा, मन और शरीर के शुद्धिकरण का समग्र समाधान माना जाता है। योग के नियमित अभ्यास से आप आंतरिक और बाहरी सौंदर्य पा सकतीं हैं। ऐसा करने से आपके चेहरे सहित पूरे शरीर में एक कांति आ जाती है। आपका सौंदर्य और आत्मविश्वास दोनों बढ़ जाता है। योग से आपकी स्किन में ग्लो आ जाती है। आप अपनी उम्र से छोटी दिखने लग जातीं है।

-:हलासन:-

⏭ अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपनी हथेलियों को अपने बगल में फर्श पर रखें
⏭ अपने पैरों को 90 डिग्री ऊपर उठाने के लिए अपने पेट की मांसपेशियों का प्रयोग करें
⏭ अपनी हथेलियों को फर्श पर मजबूती से दबाएं, और अपने पैरों को अपने सिर के पीछे छोड़ दें।
⏭ जरूरत के मुतबिक अपनी पीठ के निचले हिस्से को हथेलियों से सहारा दें।
⏭ कुछ देर इसी स्थिति में रहें।

-:सर्वांगासन:-

⏭ अपनी पीठ के बल लेट जाएं और अपनी बाहों को अपने बगल में रखें।
⏭ धीरे-धीरे अपने पैरों को फर्श से उठाएं और उन्हें फर्श पर लंबवत रखें और पैरों को आकाश की ओर रखें।
⏭ धीरे-धीरे अपने श्रोणि को ऊपर उठाएं और फर्श से पीछे हटें।
⏭ समर्थन के लिए अपनी हथेलियों को अपनी पीठ पर रखें।
⏭ अपने कंधे, धड़, श्रोणि, पैर और पैरों को संरेखित करने का प्रयास करें।

⏭ अपने टकटकी को अपने पैरों की ओर केंद्रित करें।

-:कपालभांति:-

⏭ किसी भी आरामदायक मुद्रा में बैठें (जैसे सुखासन, अर्धपद्मासन या पद्मासन)
⏭ अपनी पीठ को सीधा करें और अपनी आंखें बंद करें।
⏭ अपनी हथेलियों को अपने घुटनों पर ऊपर की ओर रखें।
⏭ सामान्य रूप से श्वास लें और छोटी, लयबद्ध और सशक्त श्वास के साथ श्वास छोड़ने पर ध्यान दें।



⏭ आप अपने पेट का उपयोग डायाफ्राम और फेफड़ों से सभी हवा को मजबूती से बाहर निकालने के लिए इसे संपीड़ित करके कर सकते हैं। ⏭ जब आप अपना पेट डीकंप्रेस करते हैं तो सांस लेना अपने आप हो जाना चाहिए। ⏭ इन पोज के साथ आप अपने गालों में हवा भी उड़ा सकते हैं, इसे कुछ सेकंड के लिए अपने मुंह में रखें और छोड़ें। इसे कई बार दोहराएं। आंखों के लिए व्यायाम करें, अपनी आंखों की पुतलियों से घुमाकर, ऊपर-नीचे देखते हुए आदि।

माइक्रोप्लास्टिक से हृदय रोग और कैंसर का खतरा

प्लास्टिक की जगह स्टील, कांच को चुनें:- प्लास्टिक कंटेनर, पानी की बोतल, छन्नी जैसे बर्तनों के लिए स्टील या कांच चुनें। ये सामग्री न केवल सुरक्षित है, बल्कि उनमें भोजन की गुणवत्ता भी अधिक समय तक बनी रहती है। साथ ही ये गर्मी के संपर्क में आने पर नुकसानदायक केमिकल भी नहीं बनाते हैं। ऐसे ही प्लास्टिक के प्लेट और कटोरियों की जगह स्टील और सिरेमिक के बर्तनों का उपयोग कर सकते हैं।



प्लास्टिक कंटेनर, पानी की बोतल के लिए स्टील या कांच चुनें। ये सामग्री न केवल सुरक्षित है बल्कि उनमें भोजन की गुणवत्ता भी अधिक समय तक बनी रहती है।

नॉन स्टिक की जगह स्टील/कास्ट आयरन के बर्तन:- नॉन स्टिक कोटेड बर्तन में स्क्रैच आने या फिर उनके अत्यधिक गर्म होने पर वे माइक्रो प्लास्टिक रिलीज कर सकते हैं। ऐसे में उनकी जगह स्टील या कास्ट आयरन के बर्तनों का उपयोग करें। कास्ट आयरन सेहत के लिए जरूरी आयरन भी भोजन में उपलब्ध कराता है।

लकड़ी अथवा बांस से बना कटिंग बोर्ड:- बड़ी संख्या में लोग सब्जियां और फल काटने के लिए प्लास्टिक के कटिंग बोर्ड का उपयोग करते हैं, उनमें सब्जियां, फल आदि काटने पर भोजन में प्लास्टिक के कण शामिल हो सकते हैं।

तनाव घटाते हैं भ्रामरी प्राणायाम और दोहरी सांस

भ्रामरी प्राणायाम:- खाली पेट भ्रामरी प्राणायाम करने से फायदे अधिक हैं। भोजन के कुछ घंटे बाद भी इसे कर सकते हैं। इसके एक बार में चार से पांच चक्र कर सकते हैं।

ऐसे करें :- शांत स्थान पर आंखों को बंद करके आरामदायक मुद्रा में बैठ जाएं। अब हाथों की उंगलियों से दोनों कानों को आराम से बंद करें। नाक से गहरी सांस लें। इसके बाद मधुमक्खी की तरह भिनभिनाने की आवाज करते हुए नाक से सांस को धीरे-धीरे छोड़ें।

भ्रामरी प्राणायाम तनाव और एंग्जायटी को कम करता है। बीपी घटाकर ध्यान की क्षमता बढ़ाता है।

दोहरी सांस:- इसे किसी भी अवस्था में यानी बैठकर, लेटकर या खड़े होकर कर सकते हैं। भोजन से जुड़ी कोई पाबंदी भी इसमें नहीं है। इस तकनीक को करने में कुछ सेकंड ही लगते हैं। जरूरत के अनुसार दो से तीन बार इसे किया जा सकता है।

ऐसे करें :- नाक से गहरी सांस लें और फिर बिना सांस छोड़े एक और सांस लें। अब मुंह से जोर लगाकर सांस को पूरा निकाल दें। कई बार हाई स्ट्रेस अथवा घबराहट होने पर शरीर इसे स्वयं करता है। ऐसे में अचानक होने वाले तनाव के दौरान इसे स्वेच्छा से भी कर सकते हैं।

शहद और गुड़ से भी बढ़ता ब्लड शुगर

भारत को अक्सर दुनिया का डायबिटीज कैपिटल कहा जाता है क्योंकि दुनियाभर के डायबिटीज के मरीजों में से लगभग 17 प्रतिशत यहीं हैं। डायबिटीज के जेनेटिक कारण भी हैं, लेकिन यह मुख्यत: जीवनशैली से जुड़ी बीमारी है। प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, हाई कैलोरी डाइट, शारीरिक निष्क्रियता और गंभीर तनाव इस समस्या को और बढ़ाते हैं। इसके अलावा अधिक बॉडी फैट, खासकर पेट के आसपास अधिक चर्बी से भी डायबिटीज का खतरा बढ़ता है।

पहले इंसुलिन रेजिस्टेंस, ब्लड शुगर व डायबिटीज को जानें:- डायबिटीज को मैनेज करने के लिए सबसे पहले ब्लड शुगर के स्तर और इंसुलिन रेजिस्टेंस को समझना जरूरी है। भोजन के रूप में लिया जाने वाला कार्बोहाइड्रेट ग्लूकोज में टूटकर रक्त प्रवाह में शामिल हो जाता है। इसके बाद पैंक्रियाज इंसुलिन हॉर्मोन रिलीज करता है, जो ग्लूकोज को ऊर्जा के रूप में ग्रहण करने में शरीर की कोशिकाओं की मदद करता है। कोशिकाएं जब इंसुलिन के प्रति कम प्रतिक्रिया करने लगती हैं तब इंसुलिन रेजिस्टेंस होने लगता है।

नाश्ते में प्रोटीन अधिक लें:- हाई प्रोटीन नाश्ते से ब्लड शुगर का स्तर सुबह से ही स्थिर रहता है। मीठा खाने की इच्छा कम होती है। दरअसल प्रोटीन को पचने में अधिक समय लगता है। इससे ब्लड शुगर तेजी से नहीं बढ़ता।

हाई प्रोटीन नाश्ते से ब्लड शुगर का स्तर सुबह से ही स्थिर रहता है। मीठा खाने की इच्छा कम होती है।

उदाहरण के तौर पर पोहा अथवा पराठे की जगह मूंगदाल का चीला, पनीर भुर्जी या अंडा नाश्ते में लें। इनमें प्रोटीन अधिक होता है। इससे भूख पर नियंत्रण में मदद मिलती है। साथ ही यह दोपहर से पहले ब्लड शुगर के गिरने से अचानक होने वाली कमजोरी और थकान से बचा सकता है। शुगर फूड खाने की आशंका कम होती है।

हाई फाइबर फूड पहले खाएं:- सही फूड का चुनाव और उसका क्रम ब्लड शुगर को मैनेज करने में बेहद महत्वपूर्ण है। भोजन की शुरुआत हाई फाइबर फूड से करें। इसके बाद प्रोटीन वाले फूड लें। चावल या रोटी जैसे कार्बोहाइड्रेट्स को अंत में खाएं। सबसे पहले सलाद या कम तेल में पकी हुई सब्जियां खाएं। इसके बाद चिकन/मछली/पनीर जैसे प्रोटीन वाले फूड लें। अंत में दाल और सब्जी के साथ थोड़े चावल/रोटी खाएं। इससे भोजन के दौरान ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। साथ ही पोषक एवं फाइबरयुक्त खाद्य पदार्थों की प्राथमिकता बढ़ती है।

भोजन से हाई शुगर फूड घटाएं:- सफेद चावल, मैदे से बने उत्पाद, आलू, कॉर्नफ्लैक्स, इंस्टेंट नूडल्स, मिठाई, शहद, गुड़, फ्रूट जूस और मीठे पेय का सेवन कम करें। ये ब्लड शुगर तेजी से बढ़ाते हैं। साबुत मिलेट्स, जौ का दलिया अथवा क्विनोआ को चावल की जगह शामिल करें। सत्तू, रागी या अलसी को रोटियों में मिलाएं। साबुत फल खाएं। नमकीन, नींबू पानी या सत्तू पीएं। इनमें हाई-फाइबर के साथ कम शुगर होती है। ब्लड ग्लूकोज को स्थिर रखने में मदद मिलती है।

गरीब मजदूर को ई-रिक्शा दिलाने का झांसा देकर आठ माह का बच्चा बिकवाया

एसपी के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। थाना मंडावली क्षेत्र से इंसानियत को झकझोर देने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां दो दबंगों पर ई-रिक्शा दिलाने का लालच देकर व जान से मारने की धमकी देकर एक गरीब मजदूर के आठ महीने के मासूम बच्चे को एक लाख अस्सी हजार रुपये में बिकवाने व रकम हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित पिता ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक बिजनौर को प्रार्थना पत्र सौंपकर मुकदमा दर्ज करने व बच्चा बरामद कराने की गुहार लगाई है। मूल रूप से अलीगढ़ के तहसील अतरौली क्षेत्र के ग्राम किरतौली निवासी आराम सिंह वर्तमान में मंडावली के ग्राम कोटावाली (सबलगढ़) में रहकर मजदूरी करता है। पीड़ित के मुताबिक, लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी जान-पहचान शमशेर व खुर्शीद नाम के व्यक्तियों से हुई थी। आरोपियों ने उससे करीब एक साल तक अपनी ई-रिक्शा चलवाई। बाद में आरोपियों ने आराम सिंह को नई ई-रिक्शा दिलाने का झांसा दिया व दो लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा। जब पीड़ित ने अपनी घोर गरीबी का हवाला दिया, तो आरोपियों ने उसे अपने आठ महीने के बेटे किशोर को बेचने की खौफनाक सलाह दी। आरोपियों ने कहा कि वे एक ऐसे निसंतान दंपती को जानते हैं, जो बच्चे के बदले दो लाख रुपये देगा। पीड़ित द्वारा मासूम को बेचने से साफ मना करने पर आरोपी आग-बबूला हो गए। उन्होंने पीड़ित को बंधुआ मजदूर बनाकर रखने व जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों की धमकी से डरे-सहमे पीड़ित ने अपने कलेजे के टुकड़े को उनके हवाले कर दिया। आरोप है कि 3 अक्टूबर 2025 को आरोपियों ने बच्चे को देवराज सिंह व उसकी पत्नी सुनीता को 1 लाख 80 हजार रुपये में बेच दिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को नजीबाबाद तहसील बुलाकर जबरन एक स्टाम्प पेपर पर दस्तखत/अंगूठा भी लगवा लिया, जिसकी कॉपी पीड़ित के पास मौजूद है। बच्चे को बेचने से मिली पूरी रकम आरोपियों ने खुद रख ली व उसके बदले पीड़ित को एक पुरानी ई-रिक्शा थमा दी, जो वर्तमान में भी आरोपियों के ही कब्जे में है। पीड़ित आराम सिंह व उसकी पत्नी पूनम पिछले एक साल से आरोपियों से अपने बच्चे को वापस मांगने की मिन्नतें कर रहे हैं। आरोप है कि बच्चा वापस मांगने पर शमशेर व खुर्शीद उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने तथा जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। बच्चे के गम में माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है वह गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं। थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन सरपंच के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने जिला उपाध्यक्ष नबील के नेतृत्व में तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेंद्र कुमार से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में प्रमुख रूप से जनस्वास्थ्य, अवैध खनन, सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे, आवारा गोवंश एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सहित अन्य जनहित के मुद्दों को उठाया गया। साथ ही कुल सात जनसमस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की गई। एसडीएम ने जनसमस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कुछ समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देने की बात कही तथा अन्य समस्याओं पर संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। किसानों ने कहा कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाकर आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कराना है। जनहित के मुद्दों को लेकर उनका प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी चंद्रवीर सिंह, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान, युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी, जिला अध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार, फहीम खान आदि शामिल रहे।

पुलिस ने निकाल कर दिये एडमिट कार्ड

किरतपुर (चिंगारी)। एडमिट कार्ड न होने पर पुलिस ने मदद कर थाने ले जाकर एडमिट कार्ड बनवाया और परीक्षा में शामिल कराया। आज सुबह स्थानीय हिंदू इंटर कॉलेज में पीईटी की परीक्षा थी। कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात कस्बा इंचार्ज अजीत सिंह ने देखा कि अभ्यर्थियों के पास एडमिट कार्ड की हार्ड कॉपी नहीं थी। दुकानें बंद थीं, जिससे दोनों अभ्यर्थी हिमांशु व दीपांशु निवासी बुलंदशहर परेशान हो गए। दरोगा अजीत सिंह ने उनकी परेशानी को देखते हुए थाना कार्यालय ले जाकर उनकी एडमिट कार्ड की कॉपी निकलवा दी और दोनों अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो गए। दोनों ने दरोगा अजीत सिंह को धन्यवाद दिया।

रईस कुरैशी का जन्मदिन मनाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला महासचिव रईस कुरैशी का जन्मदिन संगठन के पदाधिकारियों ने धूमधाम से केक काटकर मनाया। नगर के एक होटल में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के पदाधिकारियों ने जिला महासचिव रईस कुरैशी को जन्मदिन पर मुबारकबाद पेश करते हुए उनकी उम्र की दुआ की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, अय्यूब अंसारी, जिला सचिव शमीम अहमद, शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, नगर सचिव धीरज झा, शाखा उपाध्यक्ष सिताब खान, परवेज अली, अकरम आदि मौजूद रहे। रईस कुरैशी ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

विधायक हाजी तसलीम अहमद की हुई हार्ट सर्जरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्रीय विधायक हाजी तसलीम अहमद की करीब 15 दिन पूर्व लखनऊ में अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के फोर्टिज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी सफल हार्ट सर्जरी की गई है। आप्रेशन के बाद विधायक हाजी तसलीम अहमद की तबियत में सुधार है तथा वह खतरे से बाहर है। विधायक के प्रतिनिधि नितिन कश्यप ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सकों ने एहतियात के तौर पर विधायक जी को कुछ दिन पूरी तरह आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टरों की सलाह पर विधायक दिल्ली में ही रहकर स्वास्थ्य लाभ कर रहे है। नगर के लोगों ने विधायक हाजी तसलीम अहमद की जल्दी सेहतयाब के लिए दुआ की है। चिंगारी परिवार हाजी तसलीम अहमद के शीघ्र स्वस्थ और सक्रिय होने की प्रार्थना करता है।

चिंगारी में पढ़ने को मिलती है ताजा व हकीकत से जुड़ी खबरें: अबरार अहमद

नजीबाबाद (चिंगारी)। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद ने सांध्य दैनिक चिंगारी की 41 वीं वर्षगांठ पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि माशाल्लाह चिंगारी एक बहुत ही अच्छा अखबार है। चिंगारी निष्पक्ष होकर लिखता है। वह काफी सालो से इस अखबार को बराबर पढ़ रहे है। उन्होंने कहा कि चिंगारी पढ़ने के बाद उन्हें बड़ी खुशी होती है कि इसमें उन्हें ताजा व हकीकत से जुड़ी खबरें मिल जाती हैं। उन्होंने इसके लिए पूरे चिंगारी परिवार का तहे दिल से शुक्र अदा करता हुए कहा कि उन्होंने इंसाफ व उम्मीद की चिंगारी जला रखी है, जो आगे भी जलते हुए दिन दुनी रात चौगनी तरक्की करेगी।

फिल्म 'संस्कार' के टीज़र लॉन्च व विशेष स्क्रीनिंग कार्यक्रम हुआ

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद के आदर्शनगर निवासी फिल्म प्रोड्यूसर सतीश सेंगर की एक और फिल्म संस्कार के टीज़र लॉन्च एवं विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। द हेज़लमून स्कूल में प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह, कलाकारों एवं चांदपुर विधानसभा के ग्राम प्रधानों द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर टीज़र लॉन्च व कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह फिल्म बिजनौर सिनेमा यूट्यूब चैनल पर चल रही है। फिल्म पारिवारिक है, जिसमें बच्चे अपने-माता-पिता के लिए लड़ रहे हैं। फिल्म के ऑनर शक्ति भारद्वाज है। विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने एक साथ मिलकर टीज़र देखा व इसके माध्यम से समाज में संस्कारों, नैतिक मूल्यों, कानून, न्याय एवं सामाजिक ज़िम्मेदारियों के महत्व को समझा। विद्यालय के दो होनहार छात्रों मास्टर नैतिक तोमर व मास्टर संभव तोमर ने इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाकर अपने शानदार अभिनय का लोहा मनवाया। बच्चों की यह प्रतिभा पूरे विद्यालय व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। फिल्म में सभी कलाकारों का अभिनय व समाज को सकारात्मक संदेश देने का प्रयास बेहद सराहनीय है। फिल्म संस्कार की पूरी टीम को इस सार्थक पहल के लिए सभी ने शुभकामनाएं दी। फिल्म संस्कार की टीम में निर्माता: शुभम चौधरी, सतीश सैंगर, सह-निर्माता: मोहित शर्मा, निर्देशक सतीश सैंगर, सिनेमेटोग्राफर विकास राजपूत, एडिटर मोहित कुमार व कलाकार मदनपाल सिंह, सोनिया, सतीश सैंगर, अर्जुन सिंह, शुभम चौधरी, जितेन्द्र तोमर, डॉ. भूपेन्द्र तोमर, मास्टर अदा चौधरी, मास्टर सम्भव तोमर एवं मास्टर नैतिक तोमर आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर उपस्थित संस्कार फिल्म के कलाकार।

सुहागिनों ने मोबाइल पर चांद देखकर खोला करवा चौथ का व्रत

असली चांद छुपा रहा बादलों की ओट में

नगीना (चिंगारी)। नगर में करवा चौथ का पर्व गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की और रात में चंद्रमा के दर्शन कर व्रत खोलने का इंतजार किया।

नगीना में करवा चौथ पर चंद्र दर्शन करती सुहागिन महिलाएं।

बृहस्पतिवार को रात के समय अचानक हुई बारिश और आसमान में छाए घने बादलों के कारण चंद्रमा बादलों के पीछे छिपा रहा। काफी देर तक इंतजार करने के बावजूद अनेक महिलाओं को चंद्रमा के प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो सके। इसके चलते महिलाओं को व्रत खोलने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में महिलाओं ने ज्योतिषियों और पंडितों से सलाह लेकर व्रत खोलने की विधि जानी। कुछ महिलाओं ने मोबाइल फोन पर चंद्रमा की तस्वीर देखकर तो कुछ ने चलनी के माध्यम से चंद्र दर्शन की परंपरा निभाकर व्रत खोला। पंडित डॉ. विपिन चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि वर्षा के कारण यदि चंद्रमा बादलों में छिप जाए और उसके प्रत्यक्ष दर्शन संभव न हों तो पूर्व दिशा की ओर चंद्रमा का ध्यान करते हुए अर्घ्य देकर व्रत खोला जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में इस विधि से व्रत खोलना अनुचित नहीं है। वहीं, करवा चौथ के अवसर पर नगर के बाजारों में भी दिनभर रौनक रही। महिलाओं ने पूजा सामग्री, श्रृंगार के सामान, कपड़ों और मिठाइयों की खरीदारी की। देर शाम तक बाजारों में भीड़भाड़ बनी रही।

विद्युत पोल ने लिया धनुष का आकार, विद्युत विभाग को नहीं सरोकार

स्योहारा (चिंगारी)। विद्युत विभाग की लापहरवाही से अनहोनी घटना होने की आशंका है। मंसूर सराय नई बस्ती गांव पित्थापुर में एक विद्युत पोल 5 फीट झुक गया है और पोल क्षतिग्रस्त भी है। ग्रामीणों ने एसडीओ को प्रार्थना पत्र देकर अनहोनी की आशंका जताते हुए पोल बदलने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि हर समय डर बना रहता है, कोई बड़ा हादसा न हो जाए। एसडीओ विद्युत विभाग से जानकारी की गयी, तो उन्होंने कहा कि एक दो दिन में पोल बदल दिया जाएगा।

नाम बदलकर युवती को प्रेमजाल में फंसाने वाला सलमान गिरफ़्तार

धामपुर (चिंगारी)। चंडीगढ़ के एक मॉल में सर्विस करने वाली युवती को नाम बदलकर अपने प्रेमजाल में फंसाकर लिव इन रिलेशनशिप के दौरान बच्चे पैदा करने के बाद धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले आरोपी ऑटो चालक को पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के बाद गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हबीबवाला निवासी सलमान पुत्र जाहिद चंडीगढ़ में ऑटो चलाता है इसी दौरान उसका चंडीगढ़ में एक मॉल में सर्विस करने वाली देवरिया निवासी गैर संप्रदाय की एक युवती से पहले दोस्ती और फिर प्यार हो गया। इस दौरान वह दोनों लिव इन रिलेशनशिप में रहने लगे जहां उनके बच्चों ने भी जन्म लिया।

आरोपी सलमान को जेल भेजते हुए पुलिस।

युवती का कहना है कि सलमान जब उसे अपने गांव हबीबवाला लेकर आया तब उसे पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है क्योंकि जिसके प्यार में उसने अपना सब कुछ कुर्बान कर दिया था उसका नाम संदीप नहीं अपितु सलमान है। युवती का आरोप है कि सलमान धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा था उसने बच्चों को अपने पास रखकर मुझे घर से निकाल दिया है। युवती द्वारा सलमान उर्फ संदीप के विरुद्ध धामपुर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

धर्म बदलने का दे रहा था दबाव

जयपुर में सर्राफा के यहां 40 लाख की चोरी में धामपुर की सोनम गिरफ़्तार

धामपुर (चिंगारी)। जयपुर के सवाई मानसिंह थाने की पुलिस ने गुरुवार को धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर निवासी सोनम पुत्री रूपचंद को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर धामपुर में छापेमारी की। जयपुर पुलिस ने चोरी के माल को बरामद करने और संदिग्ध खरीदार को पकड़ने के लिए कई स्थानों पर छापेमारी की। आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जयपुर के सवाई मानसिंह थाने की पुलिस की टीम दरोगा सूरजमल के साथ धामपुर पहुंची थी। सूरजमल ने बताया कि पिछले महीने जयपुर के सवाई मानसिंह थाना क्षेत्र में एक सर्राफा कारोबारी के यहां करीब 40 लाख रुपए के जेवर और कुछ नकदी चोरी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में गांव नसीरपुर निवासी सोनम पुत्री रूपचंद को हिरासत में लिया है। पुलिस उसी की निशानदेही पर संदिग्ध खरीदार को पकड़ने धामपुर पहुंची थी। कोतवाल धीरज सिंह सोलंकी ने बताया कि जयपुर पुलिस ने धामपुर थाने में आमद दर्ज कराकर ही कार्यवाही की है।

जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा का विशेष महत्व : पूनम चौहान

एसबीडी में विचार गोष्ठी का आयोजन

धामपुर (चिंगारी)। सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशन में सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम छात्रा सारा अंसारी ने ईमानदारी, नैतिक आचरण एवं सत्यनिष्ठा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। चंचल कुमारी ने सत्यनिष्ठा एवं सतर्कता से संबंधित विचार प्रस्तुत किए। छात्रा आफरीन एवं वंशिका ने भी अपने विचारों के माध्यम से ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। भूगोल विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रेनू सिंह ने सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी को जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजू सिंह ने सतर्कता, ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं नैतिक मूल्यों का पालन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का विशेष महत्व है। गोष्ठी में डॉ. मीनाक्षी सिंह, डॉ. पूनम रानी, रितु कौशिक, डॉ. चंद्रभान सिंह एवं श्री अमित कुमार उपस्थित रहे।

गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्या।

सूचना

मेरा टेक्सटाइल डिजाइन 1999-2002 वर्ष का तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का प्रमाण पत्र (Diploma Certificate), जिसका अनुक्रमांक नं.-111349314 संस्था का नाम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एजुकेशन, साहिबाबाद, गाजियाबाद है, जो प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ.प्र. लखनऊ से प्रदान किया गया था। वास्तव में कहीं खो गया है। काफी तलाशने पर भी नहीं मिला।

- पवन कुमार पुत्र चन्द्रपाल सिंह निवासी मकान संख्या 118, नरवाल हाउस, साईं सिटी, फेस-1, ग्राम रसूलपुर, पिथौं, आदमपुर बिजनौर, उ.प्र.

यूकेलिप्टिस का पेड़ जड़ से उखड़कर गिरा, बड़ा हादसा टला

धामपुर (चिंगारी)। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 5 मोहल्ला लोहियान क्षत्रिय नगर में नहटौर ओवर ब्रिज से पुराने शिखर स्कूल को जाने वाले मार्ग पर लगभग 40 फीट ऊंचा यूकेलिप्टस का पेड़ जड़ सहित उखड़ कर गिर गया। गनीमत रही कि पेड़ गिरने के समय आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

उखड़ा पड़ा हुआ यूकेलिप्टस का पेड़।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग से गुजरने वाले नाले के पानी की निकासी न होने से बारिश से हुए जल भराव के कारण पेड़ की जड़े कमजोर हो गई थी। मूसलाधार बारिश और तेज हवा के करण पेड़ भरभरा कर गिर पड़ा। पेड़ गिरने से सीमेंट का चबूतरा और सड़क भी उखड़ गई है।

बताया जाता है कि पेड़ गिरने से आसपास के खेतों में नाले का पानी भर गया है पेड़ के पास से ही बिजली की लाइन गुजर रही है। जिससे आसपास के घरों में बिजली की सप्लाई भी हो रही है यदि पानी में करंट फैल गया तो गंभीर हादसा हो सकता है। पेड़ गिरने से रास्ते का आवागमन भी प्रभावित हुआ। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से क्षत्रिय नगर क्षेत्र में जल निकासी की समुचित व्यवस्था किए जाने, उखड़े पड़े पेड़ को हटवाये जाने तथा बिजली के तारों को ठीक कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच कराकर अन्य कमजोर पेड़ों को भी यहां से हटवा दिया जाए।

बिलाल बने प्रदेश मंत्री मनोनी

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर निवासी बिलाल चौधरी को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा में प्रदेश मंत्री मनोनीत किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की अनुमति से 27 अक्टूबर 2026 को जारी प्रदेश पदाधिकारियों की सूची में बिलाल चौधरी का नाम भी शामिल है। बिलाल चौधरी ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की और छात्र जीवन से ही संगठन के प्रति समर्पण, मेहनत और संघर्ष के साथ कार्य किया।

सांसद चंद्रशेखर ने छात्रावासों की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज़

प्रयागराज के पंत छात्रावास और सलोरी स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर छात्रावास की समस्याओं के समाधान के लिए समाज कल्याण मंत्री को लिखा पत्र

नगीना (चिंगारी)। नगीना सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को पत्र लिखकर प्रयागराज स्थित पंत छात्रावास और सलोरी के डॉ. भीमराव आंबेडकर (बालक) छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान की मांग की है। उन्होंने छात्रावासों के मूल उद्देश्य और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के साथ ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग उठाई है।

सांसद ने पत्र में कहा कि 26 अक्टूबर को प्रयागराज जाने के दौरान उन्हें विद्यार्थियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जानकारी मिली। पंत छात्रावास से संबद्ध आईएएस-पीसीएस पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के संचालन और छात्रावास के मूल उद्देश्य में बदलाव की आशंकाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से वर्तमान व्यवस्था, लागू आदेशों और प्रस्तावित बदलावों के संबंध में आधिकारिक जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है।

पत्र में सलोरी स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर (बालक) छात्रावास में सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई गई है। सांसद के अनुसार, विद्यार्थियों ने शिकायत की है कि 15 अगस्त 2026 को शाम करीब 4:15 बजे छात्रावास के मुख्य द्वार पर स्थानीय उपद्रवियों ने 17 से 20 राउंड गोलियां चलाई थीं। आरोप है कि घटना की सूचना दिए जाने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

चंद्रशेखर आजाद ने छात्रावास में रियायती भोजनालय, स्वच्छ पेयजल, बेहतर पुस्तकालय, प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें व पत्रिकाएं, प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन उपकरण, सीसीटीवी कैमरे, निर्बाध बिजली, इंटरनेट, खेल सामग्री और आवश्यक फर्नीचर उपलब्ध कराने की मांग भी की है। उन्होंने छात्रावास के सामने स्थित गेस्ट हाउस में देर रात तेज आवाज में डीजे बजने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की शिकायत का उल्लेख करते हुए इस समस्या के समाधान पर जोर दिया। सांसद ने ईश्वर शरण आश्रम, ईश्वर शरण छात्रावास, राजेंद्र छात्रावास और डीसी छात्रावास सहित बालसन चौराहा व राजापुर की संपत्तियों पर कथित अवैध कब्जों एवं व्यावसायिक गतिविधियों की जांच कराने की मांग की है।

नौकरी पाने के साथ रोजगार सृजन पर भी ध्यान दें युवा : चौहान

कोटद्वार (चिंगारी)। राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल में देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत एक दिवसीय बूट कैंप आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उद्यमिता, नवाचार और स्वरोजगार की संभावनाओं की जानकारी देते हुए अपने व्यावसायिक विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान का बेहतर उपयोग कर युवा आत्मनिर्भर बनने के साथ ही दूसरों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं।

महाविद्यालय में बूट कैम्प का आयोजन

इस दौरान उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के विशेषज्ञ डा. डीएस चौहान ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की अवधारणा, व्यवसाय की स्थापना, व्यावसायिक अवसरों की पहचान और नवाचार के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी पाने के साथ ही रोजगार सृजन की दिशा में भी प्रयास करने चाहिए। इसके लिए अपने व्यावसायिक विचारों को व्यावहारिक रूप देने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने की जरूरत है। प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना और उनमें रोजगार परक कौशल विकसित करना भी है। देवभूमि उद्यमिता योजना युवाओं को अपनी क्षमताओं को पहचानने और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाकर स्वरोजगार अपनाने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। योजना के नोडल अधिकारी डा. विपिन पंवार ने योजना के उद्देश्यों और महाविद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि, बागवानी, औषधीय एवं सुगंधित पौधों, पारंपरिक ज्ञान और स्थानीय उत्पादों पर आधारित उद्यम स्थापित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। उचित प्रशिक्षण, नवाचार और व्यावसायिक दृष्टिकोण के माध्यम से युवा इन संभावनाओं को रोजगार के अवसरों में बदल सकते हैं। बूट कैंप में महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

विद्यालय में शुरू तो कर दी गईं कक्षाएं विज्ञान की, अभी तक हो रही इंतजार मान्यता व टोकन अनुदान की

कोटद्वार (चिंगारी)। दुगड्डा ब्लॉक के इंटर कॉलेज पोखरी अजमीर में इंटर विज्ञान वर्ग के संचालन के लिए आठ साल बाद भी सवित्त मान्यता और टोकन अनुदान नहीं मिल पाया है। पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा और शासनादेश जारी होने के बावजूद बजट की व्यवस्था नहीं होने से विद्यालय प्रशासन को आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षकों को उचित मानदेय देना भी चुनौती बना हुआ है। फिलहाल ग्रामीणों और अभिभावकों के सहयोग से विज्ञान वर्ग की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।

ग्राम प्रधान जौरासी चंडी प्रसाद कुकरेती व विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गौड़ ने बताया कि दुगड्डा ब्लॉक के घाड़ क्षेत्र की सात ग्रामसभाओं के 17 राजस्व गांवों के लिए यह विद्यालय विज्ञान शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। आसपास 25 से 30 किलोमीटर तक दूसरा विद्यालय नहीं होने के कारण ग्रामीण वर्ष 1990 के दशक से ही यहां विज्ञान वर्ग शुरू करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर तत्कालीन प्रधानाचार्य ने विज्ञान वर्ग संचालन का प्रस्ताव तैयार किया था। जनवरी 2015 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांडी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय को इंटर विज्ञान वर्ग की सवित्त मान्यता और टोकन अनुदान देने की घोषणा की थी। इसके बाद दिसंबर 2016 में सवित्त मान्यता और टोकन अनुदान व विषयों की मान्यता का शासनादेश जारी हुआ। इस पर विद्यालय प्रशासन ने अप्रैल 2017 से विज्ञान वर्ग की कक्षाएं शुरू कर दीं, लेकिन आर्थिक सहायता नहीं मिली। मौके पर उन्होंने छात्र हित में शासन से सवित्त मान्यता और टोकन अनुदान जारी करने की मांग की।

फुटबाल लीग के फाइनल में जीजीआईसी विजेत

कोटद्वार (चिंगारी)। जिला फुटबाल संघ की ओर से खेलो इंडिया के अंतर्गत राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय बालिका अस्मिता फुटबॉल लीग का, फाइनल के साथ समापन हो गया है। फाइनल में जीजीआइसी की टीम ने हैप्पी होम स्कूल की टीम को 2-0 से हराया। फाइनल का आरंभ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री अनीता आर्य ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को मोबाइल फोन से दूर रहकर खेलों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात खेले गए फाइनल में जीजीआइसी की टीम ने बेहतरीन फुटबाल का प्रदर्शन करते हुए हैप्पी होम की टीम को 2-0 से हराया। अंत में विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर फुटबॉल कोच महेंद्र रावत, शिवा चौधरी, सतीश मौर्या, सिद्धार्थ रावत, तरुण ईस्टवाल आदि मौजूद रहे।

करवा चौथ पर्व पर मौसम ने ली करवट

कोटद्वार (चिंगारी)। कोटद्वार में करवाचौथ के अवसर पर मौसम ने अचानक करवट ली और हल्की बारिश हुई। इस कारण ठंड का अहसास होने लगा। बतातें चलें कि कुछ दिनों से पहाड़ व मैदानी क्षेत्रों में तेज धूप खिलने से दिन के तापमान में वृद्धि हुई थी और गर्माहट का एहसास हो रहा था। लेकिन बुधवार को मौसम ने करवट ली और देर शाम से आसमान में बादल छाने लगे। गुरूवार सुबह से हल्की बारिश होने लगी और लोग गर्म कपड़े पहने नजर आए। इस कारण बाजार में भी लोग कम नजर आए।

किरतपुर में पैदल गश्त के दौरान, लोगों ने किया एसपी का सम्मान

गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री के के विश्नोई का स्वागत करते हुए श्री प्रदीप चौहान व श्री बिट्टू अग्रवाल।

किरतपुर (चिंगारी)। पुलिस कप्तान कृष्ण कुमार बिश्नोई ने कल शाम थाने का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस बल के साथ कस्बे के प्रमुख बाजारों और मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल मार्च थाने से जैन चौराहा, मुख्य बाजार और अंबेडकर बाजार होते हुए पुन: बस स्टैंड पर पहुंचकर संपन्न हुआ। गश्त के दौरान श्री हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान ने हनुमान जी की मूर्ति देकर एसपी का स्वागत किया। नन्दलाल देवता मंदिर पर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिन शर्मा ने माला पहनाकर स्वागत किया। बस स्टैंड रोड पर अग्रवाल ब्रदर्स एवं स्थानीय व्यापारियों ने एसपी का अभिनंदन किया। व्यापारियों ने उन्हें श्री बालाजी की तस्वीर भेंट कर फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। एसपी के कस्बे में पैदल गश्त करने के दौरान पुलिस कप्तान ने सहयोग की अपील की ओर कहा पुलिस हमेशा आप के साथ हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी
बात कहे ख़री

बिजनौर : 30 अक्टूबर 2026 | 21

संस्थापक
बाबूसिंह चौहान

सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ के अवसर पर चार दशक की गौरवशाली यात्रा को सलाम!

प्रतिष्ठित समाचार पत्र चिंगारी ने हमेशा सच और जनहित को प्राथमिकता दी है। समाज के प्रति प्रतिबद्धता के क्रम में समाज को जागरूक करने व लोकतंत्र को मजबूत बनाने में चिंगारी का योगदान काबिले तारीफ है।

इस अवसर पर संपादक मंडल एवं चिंगारी की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

मु. आसिफ़

(समाजसेवी)

बढ़ापुर (बिजनौर)

सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

पत्रकारिता के पुरोधा,
बिजनौर जनपद के गौरव
श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान
द्वारा स्थापित लोकप्रिय

सांध्य दैनिक चिंगारी
सच की लौ.... हमेशा

चिंगारी
सांध्य दैनिक
41वीं वर्षगांठ

पर समस्त जनपदवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

विजयंत ढाका
को-फाउंडर
Built Athletics, Mumbai
(Footwear Startup)

जय भीम

जय भारत

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) द्वार-हीन केतली ASP

माo विनय रतन
राष्ट्रीय अध्यक्ष
भीम आर्मी भारत एकता मिशन

माo सुनिल चित्तौड़
प्रदेश अध्यक्ष आ.स.पा.

आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम)/भीम आर्मी

श्रीमती रामेश्वरी
पूर्व-विधायक, नगीना

की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
चिंगारी सांध्य दैनिक की 41वीं वर्षगांठ एवं
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

एड. चन्द्रशेखर आज़ाद
संस्थापक- भीम आर्मी भारत एकता मिशन
राष्ट्रीय अध्यक्ष- आज़ाद समाज पार्टी (कां0)
सांसद लोकसभा - 05, नगीना

एक मौका दीपक भाई को..
नगीना मांगे बदलाव
आओं हम सब मिलकर करें, एक नए परिवर्तन की शुरूआत
निवेदक : समस्त आज़ाद समाज पार्टी (का0) कार्यकर्ता नगीना विधानसभा

दीपक कुमार सिंह
स०प्रत्याशी, नगीना विधानसभा - 18
मो0 9917000486

41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी
बात कहे ख़री

बिजनौर : 30 अक्टूबर 2026 | 23

सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की **हार्दिक शुभकामनाएं**

प्रधान पति- इकरार अंसारी
ग्राम पंचायत करौंदा चौधर, ब्लॉक कोतवाली देहात

सभी जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

जफर हॉस्पिटल
नजीबाबाद रोड, कोतवाली देहात
डॉ. महफूज आलम अंसारी

सभी जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

हाजी असलम कुरैशी
पूर्व प्रधान
सपा नेता कोतवाली देहात

सभी जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की **हार्दिक शुभकामनाएं**

सुखराम सिंह
Spm डाकघर
कोतवाली देहात

सभी जनपदवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

कोतवाली ईंडेन सेवा
नजीबाबाद रोड
कोतवाली देहात

सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

रिहान कुरैशी
ग्राम प्रधान- ग्राम पंचायत करौंदा पचदू, ब्लॉक कोतवाली देहात

सभी ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



इश्तियाक मोहम्मद अंसारी
पूर्व प्रधान
प्रदेश उपाध्यक्ष- मोमिन अंसार सभा
भावी प्रत्याशी ग्राम पंचायत कोतवाली देहात, जिला बिजनौर

41 साल सफ़र बेमिसाल

चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी
बात कहे ख़री

बिजनौर : 30 अक्टूबर 2026 | 24

नगर शेरकोट ज़िला बिजनौर की सरजमीं पर

अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच द्वारा

पसमांदा मुस्लिम संवाद

पसमांदा हक
बढ़ेगा
देश
सशक्त होगा

समस्या, हालात और समाधान कार्यक्रम

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि और समस्त पसमांदा समाज ने पहुंच कर

कार्यक्रम को सफल बनाने पर सभी अतिथियों एवं जनता का

हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं

श्री प्रियंक कानूनगो
सदस्य राष्ट्रीय मानव
अधिकार आयोग
भारत सरकार नई दिल्ली

श्री जावेद मलिक
राष्ट्रीय अध्यक्ष -अखिल
भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच
अध्यक्ष -पश्चिमी उत्तर प्रदेश
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा

सभी देशवासियों को सर्वाधिक लोकप्रिय

सांध्य दैनिक चिंगारी

की 41वीं वर्षगांठ एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यक्रम आयोजक/संयोजक

मौ. परवेज़ बक्शी (एम पी बक्शी)

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश
भारतीय किसान उद्योग व्यापार मण्डल
पूर्व प्रत्याशी-नगर पालिका परिषद शेरकोट बिजनौर